झारखण्ड देखो

# Jharkhand Dekho

खबरें, कहानी, लोग और बहुत कुछ

Digital Edition

www.jharkhanddekho.com • वर्ष 01 • अंक 328 • पृष्ठ 6 • बुधवार 08 दिसंबर 2021 Email - Jharkhanddekho@gmail.com | epaper - Jharkhanddekho.com







## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी ने पूर्वांचल को दी 10 हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को गोरखपुर में 10,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की परियोजनाओं का लोकार्पण करते हुए एम्स, खाद कारखाने और रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में गोरखपुर में निर्मित हिंदुस्तान उर्वरक रसायन लिमिटेड के खाद कारखाने का लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने एम्स और बाबा राघवदास मेडिकल कॉलेज के रीजनल मेडिकल रिसर्च सेंटर का लोकार्पण किया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मौजूद थे। राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने बताया कि 600 एकड़ क्षेत्र में बनाए गए खाद कारखाने का निर्माण 8603 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। विगत 31 वर्षों से बंद पड़े इस कारखाने के प्रारंभ होने से सालाना 12.7 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन होगा और इससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा। उन्होंने बताया कि गोरखपुर में 112 एकड़ क्षेत्र में 1011 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित एम्स की आधारशिला वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री मोदी ने ही रखी थी।

## सुविचार

आइए हम एक-दूसरे से प्यार और सेवा करें और खुश रहें।

● **साईं बाबा**

## बिज़नेस

बीएसई सेंसेक्स

57,633.65+886.51 ( 1.56% )

निफ्टी 50

17,176.70+264.45 ( 1.56%)

## दैनिक पंचांग

| | | |
|---|---|---|
| वार | बुधवार | |
| तिथि | पंचमी | 21:31 तक |
| नक्षत्र | श्रावण | 22:37 तक |
| पक्ष | शुक्ल | |
| योग | ध्रुव | 13:08 तक |
| सूर्योदय | 07:04 | |
| सूर्यास्त | 17:19 | |
| चंद्रमा | मकर राशि में | |
| राहुकाल | 12:12 - 13:29 | |
| मास | मार्गशीर्ष | |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत | 12:12 - 13:29 |

## सीएम चन्नी पर साधा निशाना

# काला हूं तो क्या हुआ दिलवाला हूं: केजरीवाल

**जलंधर/एजेंसी।**

दिल्ली के सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंगलवार को पंजाब के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे। इस दौरान अमृतसर में उन्होंने पंजाब के सीएम चरणजीत चन्नी पर गंभीर आरोप लगाए। वहीं उनके काले अंग्रेज की टिप्पणी पर भी तंज कसा। केजरीवाल ने कहा कि मैं पिछले कुछ दिनों से देख रहा हूं कि पंजाब के सीएम के संसदीय क्षेत्र चमकौर साहिब में अवैध बालू खनन हो रहा है. अगर यह उनके अपने निर्वाचन क्षेत्र में हो रहा है, तो यह सोचना मुश्किल है कि उन्हें इसके बारे में पता नहीं है।
केजरीवाल ने कहा कि उन पर बालू चोरी के गंभीर आरोप हैं। पंजाब जानना चाहता है कि क्या वह अवैध रेत खनन के मालिक हैं, उनकी साझेदारी है या दूसरों को सुरक्षा प्रदान करते है। सच्चाई सामने आनी चाहिए, जब आप सत्ता में आएगी तो हम इसे खत्म कर देंगे। इसकी जांच होनी चाहिए और एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार अवैध रेत खनन बंद करेगी। पंजाब में रेत चोरी का पैसा अब नेताओं की जेब में नहीं, महिलाओं की जेब में जाएगा। इसीलिए पंजाब के सारे नेता मुझे गंदी गंदी गालियां दे रहे हैं।
जालंधर में महिलाओं से बातचीत में अरविंद केजरीवाल ने कहा कि कुछ दिन पहले मैंने घोषणा की थी कि 18 साल से ऊपर की प्रत्येक महिला को 1000 रुपये प्रति माह प्रदान किया जाएगा। जब से मैंने घोषणा की, तब से वे मुझे कोस रहे हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि यह राशि दी जानी चाहिए या नहीं। वे मुझे बहुत कोस रहे हैं, मुझे लगा कि मैंने कुछ गलत किया होगा। चन्नी साहब बोले कि केजरीवाल काला है, ये उल्टी सीधी बातें करता है। मैं काला हूं तो क्या हुआ दिलवाला हूं, मेरी नीयत साफ है। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि केजरीवाल इसके बाद होशियारपुर के अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों के साथ केजरीवाल की संवाद कार्यक्रम में बातचीत करेंगे।



## भाजपा के लिए रेड अलर्ट है...महंगाई का, किसानों की बदहाली और 'लाल टोपी' का: अखिलेश

**नयी दिल्ली।** अखिलेश यादव ने कुछ ही देर पहले अपने ट्विटर पेज पर लिखा, भाजपा के लिए 'रेड एलर्ट' है महंगाई का, बेरोजगारी–बेकारी का, किसान–मजदूर की बदहाली का, हाथरस, लखीमपुर, महिला व युवा उत्पीड़न का, बर्बाद शिक्षा, व्यापार व स्वास्थ्य का और 'लाल टोपी' का क्योंकि वो ही इस बार भाजपा को सत्ता से बाहर करेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि जो पैदा करे खाई, वही भाजपाई। चौधरी जयंत सिंह का भाषण एक बजकर 45 मिनट पर शुरू हुआ। जयंत ने जनसैलाब को राम–राम करते हुए कहा कि क्रांति भूमि पवित्र धरती को नमन करता हूं। 1857 से पहले या उसके बाद, जब भी देश को जरूरत पड़ी यहां के बेटे–बेटियों ने हमेशा मुकबाला किया। राजनीति में दिखावा बहुत हो चुका है। एक साल किसानों का अपमान हुआ। भाजपा के किसी पद पर बैठे किसी नेता की हिम्मत नहीं इस पर बोले। लखनऊ में अदब है, मेरठ में गजब है। यह चौधरी चरण सिंह की कर्म भूमि है। युवा कह रहे हैं भाजपा को सरकार भी गंवानी पड़ेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि लाल, हरा, सफेद और पिला रंग दिख रहा है, एक रंगी कभी किसी के जीवन में खुशहाली नहीं ला सकता है।




## लोकसभा में राहुल गांधी का केंद्र पर निशाना

# सरकार के पास किसानों की मौत का आंकड़ा नहीं

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

आंदोलन के दौरान जान गंवाने वाले किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे विपक्ष की ओर से राहुल गांधी ने केंद्र पर निशाना साधा। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में राहुल गांधी ने कहा कि सरकार कह रही है कि उनके पास किसानों की मौत का कोई आंकड़ा नहीं है, लेकिन हमारे पास सभी के नाम हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग को लेकर लोकसभा में चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव नोटिस भी दिया था। राहुल गांधी ने लोकसभा में सवाल किया कि सरकार किसानों को मुआवजा दिए जाने के संबंध में क्या कर रही है? इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि उनके पास कोई आंकड़ा नहीं है। इसके बाद राहुल गांधी ने कहा कि किसान आंदोलन में करीब 700 किसानों की मौत हुई है। प्रधानमंत्री ने किसानों और देश से माफी मांगी, उन्होंने स्वीकार किया कि उनसे गलती हुई है। इसके बाद भी आपकी सरकार कहती है कि उनके पास मृतक किसानों का कोई आंकड़ा नहीं है। पंजाब सरकार ने लगभग 400 किसानों के परिजनों को पांच लाख रुपये मुआवजा दिया है। इसमें 152 लोगों को रोजगार भी दिया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि हमने हरियाणा के 70 किसानों की सूची तैयार की है, इस सूची को भी मैं सरकार को उपलब्ध कराने के लिए तैयार हूं। आपके पास किसानों के नाम नहीं हैं, लेकिन हमारे पास सभी के नाम हैं। किसानों की सभी मांगे पूरी होने चाहिए, मृतक किसानों के परिजनों को मुआवजा मिलना चाहिए, उन्हें रोजगार और उनका हक भी मिलना चाहिए।




## मोदी की बीजेपी सांसदों को चेतावनी

# बदल जाइए, वर्ना बदल दिए जाएंगे: पीएम मोदी

**नयी दिल्ली/एजेंसी।**

संसद के शीतकालीन सत्र से पहले मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के संसदीय दल की बैठक हुई। पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ मंत्री मौजूद रहे। इस दौरान पीएम मोदी ने संसद में सांसदों की गैरहाजिरी पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने अनुपस्थित रहने वाले सांसदों को फटकार लगाते हुए कहा कि अगर बच्चों को कोई बात बार-बार कही जाए तो वे भी ऐसा नहीं करते हैं। कृपया कर परिवर्तन लाइए, वरना परिवर्तन खुद-ब-खुद हो जाएगा। बैठक के दौरान 15 नवंबर को बिरसा मुंडा जयंती की घोषणा के लिए प्रधानमंत्री का सम्मान भी किया गया।
केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 दिसंबर को भाजपा के जिला अध्यक्षों व मंडल अध्यक्षों की बैठक बुलाई है। यह बैठक काशी में होगी। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने कई दिशानिर्देश जारी किए।
केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बताया कि संसदीय दल की बैठक में पीएम मोदी ने कहा कि अच्छा काम करने वाले लोगों को पद्म पुरस्कार से नवाजा गया है। वे जल्द ही सभी के साथ लाइव कार्यक्रम करेंगे।








## संक्षिप्त समाचार

### जरूरतमंद व्यक्तियों को सूखा राशन के रूप में राहत सामग्री वितरण



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** वैश्विक महामारी कोरोनाकाल में शिकारीपाड़ा प्रखंड के सिमानीजोर पंचायत एवं दुमका प्रखंड अंतर्गत पारशिमला पंचायत के गैर कोविड-19 से पीड़ित जिन पंद्रह गरीब, बीमार व जरूरतमंद व्यक्तियों को जोहार मानव संसाधन विकास केंद्र, दुमका की ओर से पाँच-पाँच हजार चिकित्सीय आर्थिक सहयोग दिया गया था आज उनकी निजी स्वास्थ्य में अपनी दैनिक संतुलित आहार के खानपान से अविलंब स्वस्थ होने और उनके शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकास कराने के उद्देश्य से ग्राम नवपहाड़ में आठ और ग्राम बागनल में सात उन जरूरतमंद व्यक्तियों को सूखा राशन के रूप में राहत सामग्री वितरण किया गया। सूखा राशन राहत सामग्री वितरण से लाभान्वित होने वालों में शिकारीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत सिमानीजोर पंचायत के ग्राम नवपहाड़ के सीताराम मुर्मू, यशोदा देवी, सुनीता मुर्मू, ग्राम मोहुलबोना के जोएल टुडू, सिमानीजोर के चुड़का सोरेन, हरिणसिंघा के नाथानियल सोरेन, प्रोमिला सोरेन, पथराकाटा के अर्जुन टुडू और दुमका प्रखंड अंतर्गत पारशिमला पंचायत के ग्राम पारशिमला के हरिपद पाल, जीतपुर के गणेश टुडू, बागनल के होपना सोरेन, भुलपहाड़ के भांडू पुजहर, दरबारपुर के देवीलाल मरांडी, गोनो मुर्मू, करमाटांड़ के अनिता हेम्ब्रम शामिल हैं। इस दरम्यान सभी लाभुकों को निशुल्क मास्क और जनजागरूकता हैंडबील प्रदान किया गया तथा वैश्विक महामारी के तीसरी लहर ओमीक्रॉन वैरिएंट से जनजीवन बचाव व सुरक्षा को लेकर बैनर के माध्यम से स्वास्थ्य की जानकारी देकर जागरूक किया गया। मौके पर जोहार मानव संसाधन विकास केन्द्र दुमका के निदेशक फादर मनु बेसरा, सामाजिक कार्यकर्त्ता हाबिल मुर्मू, सुशान्त सोरेन, चीताडीह प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सहिया दीदी पूनम मुर्मू, शर्मिला हाँसदा, ऐमेली मरांडी, रानी हेम्ब्रम,चुनीमुनी मुर्मू, वीडियो पाल, रासमुनी मरांडी, सीताराम मुर्मू आदि उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** भारती अस्पताल के सौजन्य से सुसुनिया पंचायत करविंदा में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया । पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अमिता रक्षित ने जांच शिविर में उपस्थित होकर बारी-बारी से सभी का स्वास्थ्य तथा नेत्र जांच कोलकाता की डॉ शुभम मंडल जनरल फिजीशियन के द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र चिकित्सक डॉ माफुजा खाटून के द्वारा नेत्र जांच किया गया ।उक्त जांच शिविर में कुल 60 व्यक्तियों ने अपना स्वास्थ्य तथा नेत्र जांच कराया। शिविर में ज्यादातर मरीज टीवी , लेप्रोसी ,ओस्टियोआर्थराइटिस, हेपेटाइटिस आंखों का इन्फेक्शन तथा मोतियाबिंद आदि का मरीज काफी संख्या में मिला। जांच शिविर में डीएलडब्ल्यू महेंद्र लाल रावत, उप मुखिया रंजीत कुमार, प्रैक्टिशनर्स कैलाश भंडारी ने काफी सहयोग किया ।उक्त शिविर में देवाशीष मुखर्जी, अरुण भंडारी, विपुल भंडारी, विनीता कुमारी, नर्स रानी कुमारी, नीतू कुमारी ने मुख्य भूमिका निभाई ।

# मुख्यमंत्री को दुमका हवाई अड्डा पर दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका**। उप राजधानी पहुँचने पर सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को हवाई अड्डा पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया ।मौके पर उपायुक्त सहित जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित थे। यंहा बता दे की 8 दिसंबर को पुलिस लाइन दुमका में आयोजित कार्यक्रम में लेंगे भाग।

पुलिस लाइन दुमका में आपके अधिकार-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्रमंडल स्तरीय मेगा परिसंपत्ति वितरण कैंप का आयोजन किया गया है।

पुलिस लाइन दुमका में कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां लगभग पूरी कर लिया है।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस के पर झंडा स्टीकर का वितरण



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** प्राचार्य डॉ संजय सिंह की अध्यक्षता में आदित्य नारायण महाविद्यालय दुमका में सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर झंडा स्टीकर का वितरण किया गया ।

इस कार्यक्रम का संचालन प्रो अनहद लाल कार्यक्रम पदाधिकारी ने किया ।कार्यक्रम में भाग लेने वालों में डॉ अखिलेश कुमार सिंह, डॉ सुलेमान हांसदा, डॉ एजाज अहमद, डॉ रीता सिन्हा, डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा, डॉक्टर जवाहर प्रसाद सिंह,डॉ अनिल कुमार सिंह, डॉ कल्याण कुमार, प्रो यशवंत कुमार सिंह, डॉ नवीन कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। महाविद्यालय कर्मी दिनेश पंडित, सिद्धनाथ सिंह आदि उपस्थित थे। पूर्व छात्र नेता विमल मरांडी, सुदर्शन भगत आदि उपस्थित थे।

महाविद्यालय के उपस्थित छात्रों में -अनुज कुमार पूजहर, पूजा भारती, मीनाक्षी कुमारी,लखींद्र देहरी ,पंकज मालतो, सूरज पहाड़िया, संदीप पहाड़िया ,सागर पुजहर, नितिनजय पहाड़िया, इंद्रदेव सिंह, सूरज देहरी प्रिंस कुमार पूजहर उपस्थित थे ।धन्यवाद ज्ञापन डॉ एजाज अहमद ने किया । प्राचार्य ने बताया कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के उपलक्ष में जो झंडा स्टीकर का वितरण सशुल्क के साथ किया जाता है, वह राशि एन. एस. एस. के माध्यम से सेना के फंड में भेज दिया जाता है ।

## एनएसएस ने मनाया सशस्त्र सेना झंडा दिवस



**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 3 संताल परगना महाविद्यालय दुमका के स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर में एक जागरूकता अभियान चलाया । कार्यक्रम पदाधिकारी डॉक्टर धनंजय कुमार मिश्र के दिशानिर्देश में स्वयंसेवकों ने छात्र-छात्राओं , अध्यापकों, डाकघरकर्मियों, बैंककर्मियों तथा आगंतुक अतिथियों के समक्ष अपने संबोधन में कहा कि भारतीय सेना के सभी कार्यरत एवं अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को इस अवसर पर हृदय की गहराई से शुभकामनाएं देते हुए सभी सैनिकों की दिलेरी, बहादुरी, सतर्कता एवं चौकसी को याद करते हुए आज के दिन सशस्त्र झंडा दिवस कोष में स्वेच्छा से धनराशि जमा करें। विश्वविद्यालय के द्वारा प्रदत्त स्टांप एवं स्टीकर का वितरण कर स्वयंसेवकों ने धनराशि इकट्ठा की । सारी धनराशि उचित माध्यम के द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर मेरी मार्गरेट टूडु के पास जमा किया जाएगा। कार्यक्रम में स्वयंसेवक रविलाल हाँसदा, सूर्यदेव साहा, महादेव गोराईं, राज किशोर, बजरंग, अखिलेश्वर, रोशन , सीमंत, तारिणी, पूनम, कविता, जानकी, शिवानी, रेखा परिस्मिता आदि ने महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ हिमांशु डुंगडुंग, प्रो. वर्षा, प्रो. अनिता सोरेन, डॉ. के पी टोप्पो, डॉ. कलानंद ठाकुर, डॉ. कुमार नृपेंद्र पाठक, डॉ. कुमार सौरभ, डॉ. पूनम हेंब्रम, राजीव कश्यप, कालीचरण तथा छात्र छात्राओं ने उत्साह के साथ राशि दान के रुप में देकर एन एस एस के स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया और सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।

कार्यक्रम के अन्त में महामहिम राज्यपाल व मुख्यमंत्री के सन्देश को पढकर सुनाया गया ।

# दिव्य काशी भव्य काशी के सफल आयोजन को लेकर भाजपा ने किया बैठक




झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका**। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष परितोष सोरेन की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम दिव्य काशी भव्य काशी के सफल आयोजन हेतु पार्टी के सभी जिला के पदाधिकारियों एवं सभी 20 मंडल के मंडल अध्यक्षों के साथ एक बैठक आहूत की गई ।जिसमें आगे कार्यक्रम के लिए 9 दिसंबर को जिला मुख्यालय में प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा एवं साथ ही सभी मंडलों में 10 एवं 11 दिसंबर को वहां के मंदिरों की साफ सफाई करने का कार्यक्रम है। उसके सफल संचालन हेतु मंडल अध्यक्षों से सुझाव राय एवं स्थान पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही 13 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिव्य काशी भव्य काशी के आयोजन के उपलक्ष पर उनके लाइव भाषण को सुनने के लिए सभी मंडलों में सब कार्यकर्ता धार्मिक मंदिरों, मठों, में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम कार्यक्रम की भव्यता सफलता पर चर्चा की गई है। मीडिया प्रभारी पिन्टु अग्रवाल ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभय कांत प्रसाद पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पूर्व विधायक एवं मंत्री डॉ लुईस मरांडी , सुरेश मुर्मू , पूर्व विधायक जरमुंडी देवेंद्र कुंवर , पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मनोज पांडे गौरव कांत राम नारायण भगत धर्मेंद्र सिंह बिट्टू , जिला महामंत्री विवेकानंद राय , दीपक स्वर्णकार , जिला मंत्री पूनम देवी ,कामेश्वर गुप्ता , चुन्नीलाल राय , मायनो मुर्मू ,लक्ष्मण पंडित ,शोभा देवी, कोषाध्यक्ष बापी पाल , कार्यालय प्रभारी कुणाल झा , मीडिया सह प्रभारी ओम केसरी, सोशल मीडिया प्रभारी सुजीत यदुवंशी मंडल अध्यक्ष दुमका नगर पंकज वर्मा , दुमका ग्रामीण गणपति पाल, दुमका सदर सुधीर पाल, मसालिया पूर्वी सहदेव मरांडी मसलिया, पश्चिमी नरेश मंडल जामा राजू धुर्वे ,रामगढ़ नवल किशोर मांझी, साड़ी हॉट निरंजन मंडल बास्की नाथ स्वरूप सिन्हा ,जरमुंडी अनूप कुमार ,सहारा मुरली मंडल काठी कुंड लालचंद पाल शिकारीपाड़ा शुभाशीष चटर्जी शिकारीपाड़ा पश्चिमी नरेंद्र प्रसाद गुप्ता आसनबनी निताई भंडारी, रामेश्वर रघुनाथ दत्ता ,सरैयाहाट बलराम राय , हंसडीहा भृगुनाथ यादव , गोपीकंदर नकुल शाह, रूपेश कुमार मंडल , अजय मंडल , दीनानाथ सिंह राजीव गुप्ता, प्रभु नाथ शर्मा ,सत्य शिक्षा आनंद मुर्मू आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए। मंच संचालन जिला महामंत्री विवेकानंद राय ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन पंकज वर्मा ने किया।

# कई टोला में चापाकल कई महीनों से खराब होने के कारण हो रही है परेशानी

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका**। दुमका प्रखंड के रानीबहाल पंचायत के अन्तर्गत कठलडीहा और मुड़जोड़ा गांव के कई टोलाओ में पीने का पानी का समस्या है. कठलडीहा गांव में बाजपाड़ा टोला,ऊपर टोला और नीमपाड़ा टोला नाम के कुल तीन टोला है. जिसमे बाजपाड़ा टोला,ऊपर टोला में पेय जल की समस्या है. बाजपाड़ा टोला में करीब 15 घर है और एक मात्र चापाकल है.जो एक वर्ष से ×खराब है.इस टोला के सुमित्रा रॉय,सधुवती राय,अमावती रॉय,गाँधी रॉय,संचरिया रॉय,सुगिया रॉय,सकुन्तला रॉय,सिदो देहरी का कहना है कि पीने का पानी का बहुत दिक्कत है.एक मात्र चापाकल एक वर्ष से ×खराब है,लेकिन इसका सुध लेने वाला कोई नहीं है. जन प्रतिनिधियों को भी शिकायत करते करते



थक गये लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा है.हम सभी ग्रामीण दुसरे टोला और गांव से पीने का पानी लाने के लिय विवश है. कठलडीहा गांव के ही ऊपर टोला में भी पीने का पानी की समस्या है.इस टोला में करीब दो सौ जनसंख्या है.इस गांव में चार चापाकल है,जिसमे से तीन खराब है और टोला से दूर एक सोलर टंकी है,जिसका चापाकल ×खराब है लेकिन सोलर टंकी ठीक है,सिर्फ इसका नल टुटा हुआ है.इस टोला के मिलन रॉय के घर के सामने का चापाकल करीब एक वर्ष से खराब है,मैनेजर रॉय के घर के सामने का चापाकल करीब छः महीने से खराब है और रवि रॉय के घर के सामने का चापाकल एक महीने से ×खराब है.आँगनबाड़ी का चापाकल भी कई महीनों से ×खराब है.इस टोला के मिलन रॉय,दुर्गा देवी,चाँदमुनि देवी,सूर्या देवी,सुलोचना देवी आदि का कहना है कि सभी चापाकल ×खराब होने के कारण हम ग्रामीणों को पीने का पानी का बहुत दिक्कत हो रही है.ठंड में धूप ठीक नहीं रहने के कारण सोलर टंकी भी ठीक से काम नहीं कर रही है.विवश होकर हम ग्रामीणों को कुंआ का पानी का सेवन करना पड़ता है. कुंआ में विभाग द्वारा पावडर/दवा नहीं दिया जाने के कारण बीमारी का डर बना रहता है.ग्रामीणों का कहना है कि जन प्रतिनिधियों से शिकायत करने के बाद भी चापाकल मरम्मत नहीं हो रहा है.

मुड़जोड़ा गांव में कुल सात टोला है.इस गांव के हाटपाड़ा,पहाड़गोड़ा, बोड़दोहा आदि टोला में कई चापाकल कई महीनों से ×खराब है. हाटपाड़ा में करीब 26 घर है और एक चापाकल है.जो एक महीने से ×खराब है.इस टोला के दिलीप सोरेन,राजेश हेम्ब्रोम,संजली सोरेन,पानसोल मरांडी आदि का कहना है कि पीने का पानी के लिय बहुत दिक्कत हो रही है.इसलिय चापाकल जल्द मरम्मति करवाया जाय और एक नया चापाकल दिया जाय. पहाड़गोड़ा टोला में करीब 22 घर है.सुकुमार रॉय के घर के सामने का चापाकल करीब एक वर्ष से ×खराब है और मणिलाल रॉय के घर के सामने का चापाकल सिर्फ चार/पांच बाल्टी पानी देता और बंद हो जाता है और दो-तीन घंटा के अंतराल में फिर पानी देता है.अंजना देवी,मोनिलाल रॉय,सुकुमार राय,साधु रॉय आदि ग्रामीणों का कहना है कि जब मिस्त्री द्वारा चापाकल का मरम्मत किया गया था तो सड़ा पाईप को निकाल दिया गया लेकिन उसके बदले दूसरा पाईप नहीं लगाया गया जिस कारण इस चापाकल में यह समस्या आ रही है. मुड़जोड़ा गांव के अन्य टोला की भी कमोबेश यही स्थिति है.कठलडीहा और मुड़जोड़ा गांव के ग्रामीणों का प्रशासन और सरकार से मांग है कि जल्द से जल्द चापाकल मरम्मत करवाया जाय और टोला दूर दूर स्थित होने के कारण सभी टोला में सोलर टंकी दिया जाय।

# मुझे नही, मेरे अधिकारों को सुरक्षित करें को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** अमड़ापाड़ा प्रखंड कार्यालय सभागार में झारखंड विकास परिषद के द्वारा क्रिया नई दिल्ली के सहयोग से 16 दिवसीय अभियान के तहत नजरिया बदलो जेंडर आधारित हिंसा को रोको और सभी अवसरों को सुनिश्चित करो को लेकर किशोरियों और महिलाओं के लिए थीम मुझे नही, मेरे अधिकारों को सुरक्षित करें को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर प्रखंड विकास पदाधिकारी दिवेश कुमार द्विवेदी, अमड़ापाड़ा संथाली के मुखिया कुसुम देवी, आईसीडीएस की एलएस बॉबी कुमारी, थाना के एएसआई अभिनंदन कुमार, झारखंड विकास



परिषद के संस्था सचिव सुबासिनी सोरेन के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महिला हिंसा संबंधित कानूनी पहलुओं के प्रति समझ बढ़ाना ताकि हिंसा के विरूद्ध आवाज उठा सके, शिक्षा में भेदभाव, महिला शोषण, बाल विवाह होने को लेकर अपनी बातों को रखा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा कहा गया कि सभी महिलाओं को शोषण के खिलाफ अपनी आवाज को उठाने कि जरूरत है और भेदभाव को अपने घर से ही सर्वप्रथम खत्म करने की जरूरत है जिसमें बेटा हो या बेटी सभी को समान अधिकार देना है, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल शामिल है। हमारे क्षेत्रों में हिंसा होने का मुख्य कारण है शराब का सेवन करना क्योंकि शराब का सेवन करने से ही अधिकतर हिंसा होती है, इसलिए सभी महिलाओं को शराब को बंद करके कुछ अलग व्यवसाय करना चाहिए क्योंकि महिलाओं के लिए सरकार की तरफ से बहुत सारी योजना है इन सभी योजनाओं का लाभ लेकर हिंसा, शोषण, भेदभाव को खत्म करने की प्रयास करने की आवश्यकता है। मुखिया महोदया ने कहीं कि महिला हिंसा को खत्म करने के लिए सबसे पहले हम सभी महिलाओं को एक नई सुरुआत करना चाहिए जिसमें कि बच्चों का शिक्षा और शराब बेचने का काम को बंद करना है तभी हमारा समाज जागरूक होकर हिंसा मुक्त होगा। संस्था सचिव महोदया ने कहीं कि हम सभी को मिलकर हिंसा मुक्त समाज का निर्माण करना है ताकि समुदाय के सभी महिलाओं और किशोरियों को उनका हक और अधिकार मिल सके। एएसआई ने कहा कि हम सब को मिलकर शराब को बंद करना चाहिए और सभी बच्चों को उच्च शिक्षा कैसे प्राप्त करे यह सुनिश्चित करने की आवशयकता है। एलएस महोदया ने कही कि महिला हिंसा को रोकने के लिए सभी बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने और शराब को बंद करके एक नया समाज का निर्माण करना होगा। समुदाय के किशोरी शर्मिला सोरेन, ऐभेनजुली मरांडी, धनी मरांडी, सरिता मरांडी, सुरुज मरांडी, मीनू किस्कु तथा समुदाय की महिला बिटी टुडू, मिरु हेम्ब्रम, मालोती टुडू, मीरा हेम्ब्रम, सुजाता सोरेन बिटी मरांडी ने अपनी दैनिक जीवन में हुई हिंसा को बताकर सभी को जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में परियोजना क्षेत्र के 16 गांवों से 60 से अधिक महिलाओं और किशोरियों की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त समाचार

### महेशपुर नगर में विश्व हिन्दु परिषद व बजरंग दल का बैठक समपन्न

- पाकुड़ में 19 दिसंबर को शोर्य पथ संचलन करने की बनी रणनीति



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जिले के महेशपुर प्रखंड अंतगर्त बुढानाथ शिवंमंदिर प्रांगण में मंगलवार को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की बैठक जिला संयोजक संदीप कुमार के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रांत टोली के अशोक कुमार वर्मा ने बजरंग दल के तीन मुल मंत्र सेवा सुरक्षा और संस्कार के बारे में विस्तार पूर्वक कार्यकर्ता को जानकारी दिया गया। साथ ही समाज में अपनी अच्छी छवी बनाकर सनातन समाज में भुमिका के बारे में जानकारी दिये । साथ ही आगामी 19 दिसंबर रविवार के दिन पाकुड़ नगर में जिला स्तरिय शोर्य पथ संचलन को सफल बनाने को लेकर रणनीति तैयार किया गया । जिसको लेकर कार्यकर्ता को दो अलग अलग दिनों में प्रशिक्षण देकर पथ संचलन के बारे में बताएगें । बैठक में मुख्य रूप से जिला संयोजक संदीप भगत, विभाग सहसंयोजक मनु महराज, प्रखंड मंत्री दिलीप कुमार, सहमंत्री विक्रम सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, प्रखंड संयोजक सुभम कुमार, नगर मंत्री अमीत भगत, नगर संयोजक अरूण यादव, बजरंग दल कार्यकर्ता लभ कुमार, समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पंचायत स्तरीय, प्रखंड स्तरीय व जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल बालक व बालिका प्रतियोगिता का आयोजन



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** पर्यटन कला संस्कृति,खेलकूद व युवा कार्य विभाग की ओर से जिले में पंचायत स्तरीय, प्रखंड स्तरीय व जिला स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल बालक व बालिका प्रतियोगिता का आयोजन 01 दिसंबर शुरू है। यह जानकारी देते हुए जिला खेल पदाधिकारी पाकुड़ मनोज कुमार ने बताया कि जिले के सभी प्रखंड में सबसे पहले पंचायत स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल प्रतियोगिता के बाद प्रखंड स्तरीय प्रतियोगिता चल रही है। पाकुड़िया प्रखण्ड अंतर्गत प्रथम राउण्ड में तेतुलिया पंचायत बनाम बोनोग्राम पंचायत टीम के बीच हुआ जिसमें मैच ड्रा रहा सिके पश्चात पेनल्टी शूट के माध्यम से बोनोग्राम पंचायत की टीम ने जीत दर्ज की। जिसके बाद पंचायत खजूरडंगाल बनाम पंचायत बीचपहाड़ी, जिसमें बीचपहाड़ी पंचायत की टीम विजयी रही, बासेतकुण्डी बनाम फुलझिंझारी, जिसमे बासेतकुण्डी पंचायत की टीम विजयी रही, पंचायत महुलपहाड़ी बनाम बड़ासिंहपुर, जिसमें बड़ासिंहपुर पंचायत की टीम विजयी रही, एवं द्वितीया राउण्ड में बीचपहाड़ी पंचायत बनाम राजपोखर पंचायत टीम के बीच में हुआ जिसमें 0-1 से राजपोखर पंचायत की टीम विजयी रही। इसके बाद कॉर्टर फाइनल का मैच पंचायत बासेतकुण्डी बनाम बोनोग्राम पंचायत की टीम के बीच हुआ, जिसमें बासेतकुण्डी पंचायत की टीम विजयी रही। मौके पर संयोजक के रूप में उपस्थित पाकुड़िया प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी-सह-प्रखण्ड खेलकूद पदाधिकारी, डा सुनील टोप्पो, शारीरिक शिक्षक, नीरज मुर्मू, ढ़ेना मराण्डी मुखिया राजपोखर, हृदय भगत, मुखिया पाकुड़िया पंचायत, देव नारायण राय, प्रधान पथरडांगा एवं लक्षमण राय, सुजन गुप्ता आदि संयोजक के रूप में थे।

### सत्य सनातन संस्था ने रक्तदान कर बचाई महिला की जान

**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** सत्य सनातन संस्था के सक्रिय सदस्य मेघदूत घोष ने मंगलवार को ब्लड बैंक अस्पताल में रक्तदान कर एक 19 वर्षीय महिला मरीज की जान बचाया है। संस्था के सदस्य राजेश यादव ने बताया कि सदर प्रखंड के महुवाडागा निवासी पोवित्री देवी सीने के दर्द से परेशान थी। उसके ईलाज के लिए पाकुड के एक निजी अस्पताल में भरती कराया गया है। महिला के शरीर में रक्त की काफी कमी है। रक्त की कमी को देखते हुए परिजनों को चिकित्सक ने एक युनिट रक्त उपलब्ध करने की बात कही। महिला के परिजन कान्हू सरकार ने रक्तदान करने के लिए संस्था से आग्रह किया। सूचना पर सदस्य राजेश यादव व अजय कुमार भगत सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए रक्तदान के लिए संस्था के सक्रिय सदस्य मेघदूत घोष से बात की । मेघदूत रक्तदान की सूचना पर ब्लड बैंक अस्पताल पहुंचकर मरीज को रक्तदान किया। रक्त मिलने के बाद मरीज ने परिजनों ने संस्था के सदस्यों को दिल से धन्यवाद दिया है। मौके पर संस्था के सचिव चंदन प्रकाश आदि मौजूद थे.

# यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने भाजपा ने डीसी एसपी को सौपा ज्ञापन

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** पाकुड़ शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के संबंध में पाकुड़ भाजपा जिला उपाध्यक्ष हिसाबी राय ने उपायुक्त पाकुड़ व पुलिस अधीक्षक पाकुड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिला के कप्तान का ध्यान आकृष्ट कराया कि पाकुड़ नगर में यातायात व्यवस्था की स्थिति चरमरा गई है। जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। पाकुड़ नगर के कई स्थानों पर पश्चिम बंगाल के रास्ते पाकुड़ नगर में आने वाले चाइनीस टोटो बिना रोक-टोक आ रहे हैं, बिना नंबर के चलने वाली इस वाहन को अधिकतर छोटे छोटे नाबालिग बच्चे चला रहे हैं। यहां यह बताना आवशयक है कि पाकुड़ शहर के रेलवे फाटक, खुदीराम बोस चौक,गांधी चौक, अंबेडकर चौक से सिद्धू कानू पार्क तक प्रमुख व्यस्ततम क्षेत्र है। इस प्रमुख क्षेत्र में जिला अनुमंडल कार्यालय,



न्यायालय, न्यायालय अधिवक्ताओं का कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक कार्यालय, बिल्टू मध्य विद्यालय, राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, नगर परिषद कार्यालय एवं अनेक प्रतिष्ठान स्थित है। जिसके कारण अधिक लोगों की आवाजाही से हमेशा भीड़ रहती है। पाकुड़ शहर एकल मार्ग सड़क है, जहां विद्यालय से निकलती छात्र छात्राओं का समूह दिखता है वहीं दूसरी ओर एक मार्गीय सड़क होने पर वाहनों और लोगों का हुजूम सड़क पर चलने वाले पैदल यात्री हो या गाड़ी पर सवारी करने वाले सब बेबस और लाचार नजर आते हैं। भाजपा नेता ने मांग किया है कि पाकुड़ जिले से सटे पश्चिम बंगाल से आने वाले वाहनों का चालक अनुज्ञप्ति व अन्य वाहन तथा अन्य बाहनों के कागजातों का जांच किया जाए तथा चाइनीस वाहनों को जो भारत सरकार द्वारा प्रतिबंधित है उसे चिन्हित कर उस पर कार्यवाही की जाए और पाकुड़ नगर के विभिन्न चौक चौराहा पर टोटो द्वारा बनाए गए अस्थाई पड़ाव को हटाया जाए ताकि नगर में चलने वाले आम नागरिकों को राहत मिल सके. भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिकेत गोस्वामी भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष सादेकुल आलम, डालिम शेख मौजूद थे।

## शिव शीतला मंदिर के पास जयसवाल समाज की हुई बैठक

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** शिव शीतला मंदिर के पास एक निजी आवास में जायसवाल समाज की बैठक समाज के वरिष्ठ सदस्य प्रदीप जायसवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष प्रेम भगत मौजूद थे. बैठक में समाज का वार्षिक सम्मेलन परिवारिक सम्मेलन के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया. बैठक में मौजूद अध्यक्ष प्रेम भगत ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि 2020 में कोविड-19 के प्रकोप के कारण परिवारिक सम्मेलन स्थगित किया गया था परंतु इस वर्ष कोविड-19 का प्रकोप एक हद तक कम हुआ है और ऐसे में समाज का सम्मेलन का आयोजन होना चाहिए ताकि समाज से जुड़े सभी लोग एक स्थान में इकट्ठा होकर कुछ अहम निर्णय ले सके. समाज के अध्यक्ष के द्वारा दी गई जानकारी के बाद उपस्थित सभी सदस्यों से राय ली गई और राय लेने के बाद आगामी 25 दिसंबर को शहरकोल स्थित जायसवाल धर्मशाला में सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया. सम्मेलन के बाबत बैठक में रूपरेखा तय की गई और समाज की सभी लोगों से बढ़-चढ़कर इस आयोजन को सफल बनाने



की अपील की गई. बैठक में सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर अलग-अलग दायित्व सौंपा गया और साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता कराने का भी निर्णय लिया गया. बैठक की अध्यक्षता कर रहे प्रदीप जायसवाल ने कहा कि परिवारिक सम्मेलन समाज के लिए ऊर्जा देने का कार्य करता है सम्मेलन को लेकर समाज के सभी लोग एक जगह इकट्ठा होते हैं और आने वाले वर्ष में समाज के द्वारा किस उपलब्धि को हासिल किया जाए इस को लेकर चर्चा किया जाता है और यह निश्चित ही समाज को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होती है. एकजुटता से ही समाज आगे बढ़ता है और समाज के आगे बढ़ने से आने वाली पीढ़ी प्रेरणा लेती है. बैठक में समाज के सचिव राजेश जायसवाल, आनंद चौधरी, रोशन जयसवाल, राजू जयसवाल, ओम प्रकाश जयसवाल, पंचरत्न भगत, संजय जयसवाल, अजय जयसवाल, रितेश जयसवाल, विजय जयसवाल, संजीव जयसवाल, हरिशंकर जयसवाल समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

### जीआरपी और चाइल्डलाइन टीम ने 10 वर्ष प्लेटफार्म नंबर 1 से रेस्क्यू किया गया



**पाकुड़/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** संस्था जन लोक कल्याण परिषद के द्वारा संचालित चाइल्ड लाइन पाकुड़ और आरपीएफ के द्वारा एक बच्चा उम्र लगभग 10 वर्ष रेलवे स्टेशन पाकुड़ से प्लेटफार्म नंबर 1 से रेस्क्यू किया गया. जीआरपी और चाइल्डलाइन टीम ने बच्चों से पूछताछ किया गया तो पता चला बच्चा तिलभीटा से भटक कर पाकुड़ पहुंच गया. इसके बाद जीआरपी ने चाइल्डलाइन टीम को बच्चा को सौंप दिया गया. इसके बाद चाइल्ड लाइन के द्वारा बच्चा को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा. सीडब्ल्यूसी का आदेश होने पर कार्रवाई किया जाएगा. आरपीएफ पदाधिकारी टूना पासवान और चाइल्डलाइन टीम आरती देवी, उर्मिला विश्वास, समरेंद्र नायक और श्रीनाथ भंडारी उपस्थित थे।

### स्वामी विवेकानंद के न्यू इंडिया के संदेश पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन

- लायंस क्लब ने सहयोगी के रूप में निभाई महती भूमिका




**देवघर ।** स्थानीय आरके मिशन स्कूल प्रांगण के सभागार में लायंस क्लब और मिशन के संयुक्त प्रयास से जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका थीम था स्वामी विवेकानन्द के रिबिल्ड इंडिया(न्यू इंडिया) ।इस ऑल स्कूल कम्पीटिशन में जिला के स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। वहीं मौके पर जितने भी अन्य सहयोगी संस्थाएं थी उन्हें मिशन के द्वारा रिवार्ड देकर सम्मानित भी किया गया ।कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों में स्वामीजी के न्यू इंडिया के संदेश को लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया ।कार्यक्रम के सम्बंध में लायंस क्लब की अध्यक्षा रूपाश्रि ने बताया कि आज के इस भाग दौड़ वाली आधुनिक परिवेश में बच्चों और लोगों में एक मानसिक विकृति देखी जा रही है और लगातार क्राइम का रेट बढ़ रहा है ऐसे में स्वामी जी के न्यू इंडिया के संदेश को न सि×र्फ बच्चों तक बल्कि जन जन तक पहुंचे यह बहुत जरूरी है। इन सभी चीजों को देखते हुए लायंस क्लब और आरके मिशन का यह एक छोटा सा प्रयास है। वैसे हमारी संस्था के द्वारा न्यू इंडिया के मिशन को आगे ले जाना भी उद्देशय होगा। इस दौरान मौके पर आरके मिशन के सेक्रेटरी जयंत नन्द जी महाराज, लायंस क्लब की अध्यक्ष रूपाश्रि के अलावे सहयोगी संस्थाओं के सभी सदस्य मौजूद थे।

### स्त्री शक्ति कार्यक्रम के तहत तीन छात्राओं को इनरव्हील क्लब के द्वारा दिया गया साइकिल

**देवघर ।** इनरव्हील क्लब ऑफ देवघर के तत्वावधान में अध्यक्षा रश्मि रंजन झा एवं सचिव ममता किरण के नेतृत्व में देवघर स्थित आर मित्रा हाई स्कूल में स्त्री शक्ति के एक कार्यक्रम के तहत तीन छात्राओं को साइकिल प्रदान किया गया। कक्षा 11 की स्मृति कुमारी एवं तनुजा कुमारी सहित 12वीं की छात्रा दिव्या श्रुति को ये साइकिलें दी गई। उनकी शिक्षा दीक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देगी। इन छात्राओं का चयन उनकी योग्यता एवं जरूरत का ध्यान रखते हुए किया गया।

जैसा कि हम जानते हैं कि अगर एक महिला शिक्षित होती है तो वह पूरे परिवार को शिक्षित करती है ।क्योंकि वह शिक्षा के महत्व को जानती है। समाज और देश का विकास भी इसमें निहित है। घर हो या समाज, हर जगह महिलाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है। स्त्री शक्ति को सशक्त बनाने के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रश्मि रंजन झा, सीजीआर सारिका साह, उपाध्यक्षा सरिता अग्रवाल, आईएसओ चेतना भारती, एडिटर अर्पणा सिन्हा, रीता चौरसिया मैम, ज्ञानी मिश्रा,रत्ना श्रीवास्तव,सोनिका चौधरी, श्वेता केसरी,आर मित्रा विद्यालय के प्राचार्य कार्तिक प्रसाद तिवारी एवं अरविंद जजवाड़े आदि का महत्त्व पूर्ण योगदान रहा।

# विधायक ने किया आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार का आगाज

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**पाकुड़।** पाकुडिया प्रखंड के खाक्सा पंचायत के जाटांग खाक्सा विद्यालय प्रांगण में मंगलवार को आपके सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उदघाटन महेशपुर विधायक प्रो.स्टीफन मरांडी, परियोजना निदेशक शाहिद अख्तर, बीडीओ मनोज कुमार, सीओ किरण डांग, थाना प्रभारी चंदन गुप्ता, मोतीलाल हाँसदा, देवीधन टुडू, खुरशेद आलम, प्रमुख सुशीला मरांडी, मुखिया उर्मिला हाँसदा आदि अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । शिविर में विधायक ने झारखंड सरकार के दो साल की उपलब्धियों के बारे में विस्तारपूर्वक



बताया और इसका लाभ सबों से उठाने की अपील की । शिविर में विधायक ने फूलोझानो योजनांतर्गत दो लाभुको को दस दस हजार का चेक दिया,एक आजीविका स्वयं सहायता समूह मुस्कान को एक लाख रुपये का चेक दिया । साथ ही पाँच लोगो को कृषि लोन का चेक दिया गया अन्य दर्जनो लोगो के बीच कम्बल और जॉब कार्ड का वितरण किया । पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य सहित वॉर्ड सदस्यों को विधायक प्रो.मरांडी ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. विधायक प्रो.मरांडी ने आपने संबोधन में कहा की हेमंत सरकार द्वार चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के बारे में आम लोगों को जानकारी का अभाव है इसी तर्ज पर ₹आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वार ₹ कार्यक्रम को लंबे समय तक चलने का निर्णय लिया गया है।उन्होंने अपने अधिकार को पहचाने एवं प्राप्त करने के लिए कई आधारभूत बातों पर जोर दिया और कहा की झारखंड सरकार द्वारा आम लोगो के जीवन को और अधिक सुचारू और सुलभ बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। सुबे की हेमंत सरकार, सभी वर्गो के लोगो के लिए कल्याणकारी योजनाएं लेकर आई है जैसे फूलों झानों योजना, मछली पालन योजना, ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा योजना इत्यादि। इतना ही नही बल्कि राज्य की जनता का ध्यान रखते हुए, अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ मिल सके इसपर भी विशेष जोर दिया जाय। विद्यालय के छात्राओं ने विधायक महोदय का भव्य स्वागत पारंपरिक आदिवासी रीति रिवाज के साथ किया । मौके पर देवीलाल हाँसदाक, मईनुद्दीन अंसारी, अशोक भगत, अली अहमद, निवारन मरांडी, कालीदास टुडू, नजरूल इसलाम, सोहागनि मुर्मू, गोपाल भगत, अजमुद्दीन अंसारी, हाकिम अंसारी, मुसारफ हुसैन, अकबर अली, मुनीराम मरांडी, रेफाईल मर्मू, कुबराज मरांडी, तेहिदुल शेख, विनोद भगत, विश्वजीत दास सहित कई कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### योजनाओं की जांच करने पहुंचे बीडीओ तो शिकायतकर्ता के साथ मारपीट पर उतारू हुए ठेकेदार



**गावां/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** गावां प्रखंड अंतर्गत सेरुआ पंचायत के ग्रामीणों ने आवेदन देकर पंचायत में किये गए मनरेगा एवं 15वीं वित्त योजनाओं की जांच करने की मांग की थी। आवेदन के अनुसार ग्रामीणों का कहना है कि सेरुआ पंचायत में योजना के नाम पर काफी लूट खसोट किया गया है। मंगलवार को जब गावां बीडीओ योजनाओं की जांच करने पहुंचे तो गांव के कुछ लोग योजनाओं से सम्बंधित शिकायत करने वहां पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग अगर उन ठेकेदारों के खिलाफ आवाज उठाते है तो हमलोगों को जान से मारने की धमकी दी जाती है और आज बीडीओ की उपस्थिति में स्थल पर ही ठेकेदारों के द्वारा हमलोगों पर हमला करने का प्रयास भी किया है लेकिन किसी तरह हमलोग अपनी जान बचा पाए है।

ग्रामीणों ने गावां बीडीओ को आवेदन देकर मांग किया है कि उक्त पंचायत की योजनाओं को प्रशासन के साथ जांच किया जाए ताकि निर्भीक होकर लोग हकीकत को उजाकर कर सके।

### मंदिर निर्माण के साथ साथ लाचारों की सेवा भगवान की पूजा से कम नहीं: महेश राय

- गंगा विश्व शांति धाम संस्था के द्वारा किया जा रहा है कंबल वितरण



**देवघर।** गंगा विश्व शांति धाम देवघर में बढ़ती हुई ठण्ड को देखते हुए संस्था अध्यक्ष महेश प्रसाद राय के द्वारा सचिव अमरेश सिंह के सौजन्य से अपने ज्येष्ठ पुत्र स्वप्निल के जन्मोत्सव पर महिलाओं और पुरुषों को कंबल तथा मिटाई की भेट दर्जनों लोग के बीच किया गया।मौके पर मुख्य रूप से अध्यक्ष महेश राय के अलावे संस्था के उपाध्यक्ष अजित सिंह, प्रधान कोषाध्यक्ष मनीष कुमार,बरिय सदस्य पिंटू तिवारी, प्रभाकर सिंह, मुरारी सिंह, ब्रजेश सिंह आदि शामिल थे।

मौके पर संस्था के अध्यक्ष महेश राय ने कहा कि गंगा विश्व शांति धाम समय समय पर सामाजिक कार्य करते रहती है।इसी क्रम में ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए असहाय और लाचारों के बीच कंबल वितरण किया जा रहा है जो जारी रहेगा। इसके साथ ही मंदिर निर्माण कार्य भी प्रगति पर है।

वहीं महेश राय ने कहा कि जहां एक तरफ भगवान की भव्य मन्दिर का निर्माण कार्य चल रहा है वहीं लाचारों की सेवा भगवान की पूजा से कम नहीं है। हमारी संस्था समय समय पर जरूरत के हिसाब से असहाय और जरूरतमंदों की सेवा करते रही है और आगे भी यह सेवा निर्वाध रूप से जारी रहेगा।

### प्रखण्ड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में सिंहरामडीह की टीम हुई विजय



**देवघर ।** एसपी धनंजय कुमार सिंह के निर्देश पर देवीपुर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह की देख रेख में प्रखंड स्तरीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन प्रखंड परिसर के मैदान में किया गया।

वहीं मंगलवार को हुई फाइनल मुकाबला में सिंहरामडीह की टीम ने धोबाना की टीम को हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। मौके पर इस दौरान विजेता और उप विजेता टीम को उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी सहित सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल में जीत हार कोई मायने नहीं रखता है खेल को खेल की भावना से खेलना ही सबसे बड़ी बात है। मौके पर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह, सीओ सुनील कुमार, प्रमुख आदि मौजुद थे।

# आखिल भारतीय किसान महासभा ने गदर में लगाया रात्रि चौपाल





झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गावां/गिरिडीह।** गांवा प्रखंड अंतर्गत गदर पंचायत के ग्राम धनेपुर में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की महापरिनिर्वाण दिवस एवं किसान महासभा का रात्री चौपाल लगाया गया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड सचिव मों मुस्लिम अंसारी एवं संचालन भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य संजय दास ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव नें कहा की बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने समता, सामाजिक न्याय, संगठन, शिक्षा व संघर्ष को एक मिशन बनाने की बात कही।हमारे जीवन का हरेक दिन बाबा साहेब का मिशन को पुरा करने का दिन है। उन्होंने कहा की जब तक आप अपने अधिकारो को नहीं जानेगे तब तक आप अपने अधिकारो को नहीं जानेगे तब तक आप उसकी रक्षा नहीं कर पायगे। बाबा साहब एक संवैधानिक भारत बनाना चाहते थे, इसमें वे सबकी बराबरी चाहते थे। बाबा साहब ने कहा है की जो अपना इतिहास नहीं जनता हैं उसका ना तो कोई वर्तमान होता है और ना ही कोई भविष्य। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड सचिव मों मुस्लिम अंसारी ने कहा की आज हमलोग बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर माहापरिनिर्वाण दिवस एवं बाबरी मस्जिद की शहादत दिवस मना रहे हैं। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद देश में लोकतंत्र व धर्मनिरपेक्षता गहरे खतरे में है। अल्पसंख्यक समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है और पुरे देश में उनके खिलाफ नफरत का माहौल बनाया जा रहा है। देश की गंगा-जमुनी तहजीब को नष्ट कर फांसीवाद थोपने के प्रयास जारी हैं।

भाकपा माले प्रखंड कमिटी सदस्य संजय दास ने कहा की एक तरफ भाजपा के लोग बाबा साहेब के पुन्य तीथि मना रहे हैं और दुसरी तरफ सता द्वारा संविधान को कमजोर करने का कुचक्र रचा जा रहा है। आज रेलवे, हवाई जहाज, तमाम सरकारी संस्थाओं को निजी हाथों में सौंप रही हैं। आरक्षण की व्यवस्था को खत्म किया जा रहा है, नीजी करण करके श्रम कानूनों को बदला जा रहा है। दुख है कि आज संवैधानिक आरक्षण के द्वारा संसद में पहुंचे एसटी, एससी और ओबीसी के सांसद भी अवाज नहीं उठाते है क्योंकि वे अपनी अपनी राजनैतिक पार्टियों के कठपुतली मात्र हैं। इसलिए संवैधानिक अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ संघर्ष की आवाज बुलंद करें।

## झामुमो प्रखंड कमिटी का हुआ पुनर्गठन



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गावां/गिरिडीह।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के गावां प्रखंड कायालय मे मंगलवार को समिति के पुनर्गठन को लेकर बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक निज़ामुद्दीन अंसारी एवं झामुमो नेता सफीक अंसारी उपस्थित हुए। सर्वसम्मति से अजय सिंह को ही पुनः झामुमो के गावां प्रखंड अध्यक्ष के लिए चयनित किया गया जबकि प्रखंड सचिव के रूप मे मो० साहाब उद्दीन को चुना गया। मो० एजाज अंसारी, अनिरूध उपाध्याय एवं कैलाश सिंह को प्रखंड उपाध्यक्ष के रूप में चुना गया और कोषाअध्यक्ष के रूप में मो० जसीम अंसारी का चयन हुआ। साथ ही प्रखंड मिडीया प्रभारी जन्नतुल फिरदोस को नियूक्त किया गया है।

प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि जिस प्रकार पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुझ पर भरोसा जताते हुए पुनः अध्यक्ष पद के लिए चुना है ठीक उसी तरह मैं पार्टी एवं कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा और पार्टी हित के लिए कार्य करता रहूंगा। उन्होंने अध्यक्ष के रूप में चुनने के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

मौके पर प्रदीप सिंह, सोनू कुमार, मो० मंसूर, विवेक कुमार, विनय सिन्हा, मोइन उद्दीन, किशोर सिंह, मो० असलम, संजय राम, जयदेव सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## सीसीआई ने किया एसपी डीएसपी व थाना प्रभारी का अभिनंदन

### डकैती कांड का उद्भेदन करने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज में पुलिस प्रशासन का जताया आभार





झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह ।** शहर के फर्नीचर व्यवसाई उत्तम गुप्ता के आवास पर हुई भीषण डकैती के मामले का उद्भेदन करने पर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया है। आज सीसीआई के अध्यक्ष अरविंद कुमार व सचिव राहुल बर्मन की अगुवाई में चेंबर सदस्यों ने गिरिडीह के एसपी अमित रेणू, डीएसपी संजय कुमार राणा व नगर थाना इंचार्ज आर एन चौधरी का अभिनंदन किया। चेंबर सदस्यों ने गुलदस्ता व आभार पत्र देकर इन अधिकारियों का अभिनंदन किया। चैंबर सदस्यों का कहना है की पुलिस की सक्रियता से ना सिर्फ डकैती कांड का उद्भेदन हुआ बल्कि लूटी गई कार समेत जेवरात व नकदी भी बरामद कर लिया गया। निश्चित तौर पर इसके लिए पूरी पुलिस टीम बधाई की पात्र है। इधर डीएसपी संजय राणा ने कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर संबंध समाज में सकारात्मक माहौल बनाया जा सकता है। एसपी अमित रेणू ने कहा कि कोई भी घटना होना दुखदाई होता है पर ऐसी घटनाओं का उद्भेदन कर पाना एक सकून देता है। मौके पर विकास गुप्ता, उदय भदानी, सुदीप गुप्ता, राहुल कुमार, मशरुर आलम सिद्दीकी, हबलु गुप्ता, उत्तम गुप्ता समेत कई सदस्य मौजूद थे।

## सरकारी मुख्य मार्ग पर शव को रोकने वाले को पुलिस 5वर्ष बाद गिरफ्तार कर चार आरोपी को भेजा जेल



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**तिसरी/गिरिडीह।** तिसरी थाना क्षेत्र के पलमरुआ गांव में सरकारी मुख्य मार्ग पर वृद्ध दलित परिवार के शव को रोकने वाले अब्दुल सत्तार सरपंच,मो राउफ,मो शाहिद खान व मो अल्लाउद्दीन कुल चार आरोपी को पुलिस ने 5वर्ष बाद तिसरी थाना कांड संख्या14/17 दिनांक14/3/017 धारा147,148,149,153 (अ) 28एवं (3)२ू /एसटी ऐक्ट के तहत खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेजा गया ।

जानकारी के अनुसार मुदय और मुदालय दोनो पक्ष के लोग सोमवार को तिसरी पुलिस के नजर से बचते हुए कोर्ट पहुंच कर समझौता नाम कागजात तैयार कर रहे थे। इसकी जानकारी खोरीमहुआ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मुकेश कुमार को लगी । श्री कुमार ने तिसरी पुलिस और टाउन थाना गिरिडीह पुलिस को सूचना दिया ।दोनो थाना पुलिस गिरिडीह पहुंच कर संयुक्त रूप से छापेमारी कर एन आर ई पी कार्यालय के समीप से चारो आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। अन्य नामजद सात अभियुक्त पुलिस के पकड़ में आने से पहले ही फरार हो गए। सब इंस्पेक्टर अमित कक्षप ने बताया आरोपी फरार चल रहा था जिस कारण गिरफ्तारी में बिलंब हुआ। बता दे चंदौरी पंचायत के नईटांड निवासी सोना राम की 14 मार्च 017को मृत्यु हुई थी। उनकी अंतेष्टि हेतु सरकारी मुख्य मार्ग से पाल्मारुआ होते हुए जगोड़ा किल्ली नदी ले जाने के क्रम में पाल्मरुआ गांव के एक समुदाय के लोगो ने मुख्य मार्ग से शव को नही ले जाने दिया और जाती सूचक गंदी गंदी गाली देकर अपमानित भी किया गया था। मामले को शांत करते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ,पुलिस इंस्पेक्टर ,कई थाना प्रभारी के उपस्थिति में दूसरे मार्ग से शव को भेज अंतेष्ठि किया गया था। मृतक के पुत्र कृष्ण दास ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया था। जिस कारण चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## तिसरी में प्रखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

- कुल 15 टीम ले रही है हिस्सा



**तिसरी/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** प्रखण्ड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार को तिसरी गांधी मैदान में किया गया। इस संबंध में तिसरी बीडीओ ने बताया की इस प्रतियोगिता में कुल 15 टीमें भाग लेगी। सभी मैच नॉक आउट होगा। और जो टीम जीतेगी उसका जिला में प्रमंडलीय स्तर पर चयन होगा। उसके बाद राज्यस्तर की टीम का चयन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का आयोजन दो दिन होगा। पहला 7 दिसंबर यानि आज और दूसरा 9 दिसंबर को। जिसमें पहला मैच तिसरी और थानसीडीह के बिच खेला गया। इस प्रतियोगिता में जो टीम विजेता होगी उसे जिला भेजा जायेगा। गिरीडीह में यह प्रतियोगिता 6 से 10 दिसम्बर तक चलेगी।

इस मौके पर तिसरी प्रमुख नीलम देवी, अंचल अधिकारी असीम बाड़ा, भाजपा नेता सोनू हेमब्रोम, मुखिया प्रतिनिधि अनासियस हेमब्रोम, इब्राहिम अंसारी, पप्पू यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## असंतुलित बाइक सवार ने चरवाहे को मारा टक्कर, किया गया रेफर



**गावां/गिरिडीह/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** गावां थाना क्षेत्र के चेरवा गांव में मंगलवार की सुबह एक बाइक सवार असंतुलित होकर एक चरवाहे को टक्कर मार दिया जिससे चरवाहा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है कि गांवा प्रखण्ड के चेरवा निवासी बासुदेव रविदास पिता घाणू रविदास हर दिन के भाती आज भी गाय चराने घर से खेत की ओर जा रहा था तभी अचानक एक तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से 108 एम्बुलेंस के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गावां लाया गया जहां डॉ सालिक जमाल के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया गया।

# फिर स्कूल चलें अभियान के तहत दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित




झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**गिरिडीह।** फिर स्कूल चले अभियान के तहत मंगलवार को गिरिडीह शहर स्थित होटल गली में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन भारत ज्ञान विज्ञान समिति व सहयोग यूनिसेफ के तत्वाधान में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रुप में उप विकास आयुक्त शशि भूषण मेहरा मौजूद थे। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह कार्यक्रम अति आवशयक है। श्री मेहरा ने कहा कि देश को आगे ले जाने के लिए सभी वर्गों को शिक्षित होना होगा। उन्होंने कहा कि देश में नई क्रांति लाने के लिए शिक्षा जरूरी है इस कार्यक्रम के लिए संस्था की सराहना भी किए। भारत ज्ञान विज्ञान समिति के राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर काशीनाथ चटर्जी ने कहा कि कोविड-19 जैसे महामारी के कारण बच्चों की शिक्षा में ठहरा आया । उसकी पूर्ति के लिए या कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। श्री चटर्जी ने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की शिक्षा में आई गिरावट को पूरा करने के लिए समुदाय, जनप्रतिनिधि ,प्रशासन व सरकार को साथ मिलकर काम करने की आवशयकता है। समिति के राज्य महासचिव विश्वनाथ सिंह ने कहा कि सरकार चाहती है उत्कृष्ट विद्यालय और हम विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षा मिले । श्री सिंह ने कहा कि इसी सोच के साथ या कार्यक्रम आयोजित की जा रही है । बताया कि गिरिडीह जिला के एग्रो प्रखंड के 70 पंचायतों में यह कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा जिसमें गिरिडीह प्रखंड के 8 पंचायत एवं जमुआ प्रखंड के साथ पंचायतों में सघन रूप से गिरिडीह प्रखंड में 78 विद्यालय एवं जमुआ प्रखंड में 66 विद्यालय में सोशल मोबिलाइजर के द्वारा सभी विद्यालय स्तर पर ज्ञान विज्ञान शिक्षा केंद्र का संचालन किया जाएगा। बाकी 55 पंचायतों में संपर्क अभियान के तहत विद्यालय स्तर पर संचालन किए जाएंगे। जिसमें ज्ञान विज्ञान, बाल मेला सघन अभियान चलाया जाएगा। पच्चास हजार परिवारों तक हमारी पहुंच बनेगी जिसके तहत एससी ,एसटी ,ओबीसी एवं अल्पसंख्यक परिवारों को केंद्र में रखकर यह कार्य किया जा रहा है।कार्यशाला को रामदेव विश्व बंधु, असीम सरकार, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विद्यासागर मेहता, अजीत राय ने संबोधित किया । प्रशिक्षण में मुरलीधर प्रसाद, ज्ञानेश्वर प्रसाद थे। मौके पर बैजनाथ प्रसाद वर्मा, चंद्र गुप्ता, जैनेंद्र कुमार, शिव शंकर प्रसाद, डीएमडी अल गुड़िया, आलम अंसारी, रामप्रसाद राणा, दिवस कुमार, किशोर मुर्मू, मालती सोरेन, संजय कुमार दास, शिवशंकर प्रसाद, अजीत ठाकुर,राखी कुमारी, पप्पू दास समेत कई लोग मौजूद थे ।

## संक्षिप्त समाचार

### अनियंत्रित होकर पलटा पत्थर चिप्स लदा ओवरलोड ट्रक

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** रामगढ़ गुहियाजोरी सड़क मार्ग के गुहियाजोरी स्कूल के पास सरस डंगाल से रामगढ के रास्ते



भागलपुर जा रहा पत्थर चिप्स लदा एक ओवरलोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया है।जानकारी के अनुसार चालक और खलासी को आंशिक चोटें आई है. घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र दुमका की है।बताते चलें कि गुहियाजोरी रामगढ़ सड़क काफी बदहाल स्थिति में पहुंच गई है।सड़क पर सैकड़ों छोटे बड़े गड्ढे बन गए हैं।आए दिन इस सड़क पर कभी दुर्घटना तो कभी जाम लगा रहता है।पथ निर्माण विभाग के अधिन इस सड़क पर दुर्घटना आम बात हो गई है।

### ऊपरघाट : 20 टन अवैध कोयला, हाइवा सहित तीन धंधेबाज गिरफ्तार



**बेरमो।** बेरमो अनुमंडल के उग्रवाद प्रभावति ऊपरघाट स्थित बरई पंचायत के असनाटांड से गुप्त सूचना के आधार पर पेंक-नारायणपुर पुलिस ने छापामारी कर एक हाइवा सहित 20 टन अवैध कोयला और तीन धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पेंक-नारायणपुर थाना में कांड संख्या-58/2021 के तहत मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी सुधांशू श्रीवास्तव ने बताया कि बोकारो एसपी चंदन झा के गुप्त सूचना के आधार पर एक टीम बनाकर बरई में छापामारी की गयी। छापामारी में बरई के असनाटांड में एक हाइवा में 20 टन अवैध कोयला सहित तीन धंधेबाज को पकड़ा गया है। इसमें तीन नामजद बरई निवासी मुकेश रविदास और धनबाद निवासी पंकज तूरी व गौतम रवानी शामिल है।एक सप्ताह से असनाटांड से हो रहीं थी कोयला तस्करीः सूचना के अनुसार असनाटांड से हाइव से कोयले की तस्करी एक सप्ताह से हो रहीं थी। बाइक से कोयला जमाकर हाइवा से धनबाद के फैक्ट्री में पहुंचाया जा रहा था। बोकारो एसपी को सूचना मिलने के बाद यहां पर छापामारी की गयी। इस छापामारी से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है। गिरफ्तार धंधेबाजों के अनुसार है कि यहां से विकास पासवान, पिंटू सिंह, मनीष यादव सिंह भी कोयला की तस्करी करते थे। रात में पुलिस को देखकर फरार हो गए। दूसरी, और बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के हरिजन कॉलोनी समीप नदी किनारे से हाइवा से कोयला तस्करी होने की सूचना है। इस अभियान में थाना प्रभारी सुधांशू श्रीवास्तव के अलावे पुअनि मुन्ना कुमार राना, उमेश सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर जल सहिया संगठन ने बैठक कर बनाई आगे की रणनीति



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** जल सहिया संगठन जामा के तत्वावधान में अमेरती मरांडी के अध्यक्षता में जामा के हाई स्कूल मैदान में बैठक की गई। इस दौरान अमेरती ने बताया कि अपने अधिकार का शोषण होते हुए देख जलसहिया संघ अपने अधिकार के लिये आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। जिसमे मांग पत्र सौंप कर जलसहियाओ के शोषण के खिलाफ आवाज उठायी जाएगी। सरकार जल सहिया के होते हुए जल नल योजना का टेंडर प्रवाह एवं सीनी जैसी संस्था को दे रही है जो न्याय संगत नही है। जलसहिया संघ ने निम्न प्रस्तावों पर आंदोलन करने का निर्णय लिया है ।सभी जलसहिया के चयन तिथि से मानदेय भुगतान करना सरकार सुनिश्चित करें, जल नल कार्य योजना को बिचोलिया एवं प्रवाह एवं सीनी संस्था को नही दिया जाए, जल नल का कार्य जलसहिया द्वारा गांव में संपन्न कराया जाए ।जल सहिया का खाता शून्य है उन सभी जलसहियाओं का संयुक्त खाता बैंक में खोला जाए।जल साहिया के कार्य एवं अधिकार का शोषण बिचोलिया से ना कराया जाए अगर इसके बावजूद जल सहिया के अधिकार का शोषण होता है तो जलसहिया संघ सड़क से सदन तक वृहद आंदोलन करेंगे।मौके पर शांति सोरेन, आरती देवी, रेणुका बेसरा, सुनीता टुडु, फुलमुनि सोरेन,मनीषा मुर्मू, विपुला देवी,आशा देवी, रिंकू देवी, किरण देवीरेखा देवी समेत दर्जनो महिलाओं ने बैठक में भाग लिया।

## चुड़का लगाकर रोका जमीन पर कब्जा

### ग्रामीणों के विरोध के आगे माफियाओं को भागना पड़ा



झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** जमीन माफिया को मंगलवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मजिस्ट्रेट कालोनी में करीब दस बीघा जमीन पर कब्जा करना महंगा पड़ गया। ग्रामीणों के विरोध के आगे माफियाओं को भागना पड़ा। ग्रामीणों ने बन्दरजोरी पंचायत के मुखिया चुन्नू मरांडी के साथ मिलकर जमीन पर चुड़का लगाकर रोक लगा दी। अब रैयतों की अनुमति के बिना जमीन पर कोई काम नहीं होगा ।कालोनी के काफी पीछे कुछ रैयतों ने अपनी जमीन को लोगों को बेच दिया। जमीन के लिए काम करने वालों ने सारी जमीन खरीदकर चार दीवारी बनाना शुरू किया। इसी क्रम में दंबगों ने करीब दस बीघा डूब जमीन पर कब्जे के लिए काम कराना शुरू किया। मंगलवार को जानकारी मिलने पर गांव के लोग मुखिया के पास गए और सारी बात बताई।
मुखिया ने ग्रामीणों के साथ आकर देखा तो डूब क्षेत्र में काम चल रहा था। ग्रामीण को देखते ही माफिया जेसीबी लेकर भाग निकले। इसके बाद मुखिया ने चुड़का लगा दिया। मुखिया का कहना था कि रैयती जमीन पर काम कराने में उन्हें कोई एतराज नहीं है, लेकिन इसके साथ डूब क्षेत्र की करीब दस बीघा जमीन को घेरा जाना गलत है। इस जमीन में एक मंदिर है और एक श्मशान घाट है। पास के तालाब में लोग छठ भी करते हैं। डूब क्षेत्र की जमीन पर किसी भी हाल में कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जमीन के जो भी रैयत हैं उनकी मर्जी के बिना अब काम नहीं होने दिया जाएगा। बताया कि दो माफिया जमीन पर कब्जा करना चाहता है। प्रशासनिक अधिकारियों को सारी वस्तुस्थिति से भी अवगत कराया जाएगा। अगर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करना होगा।

## सीएम को शिक्षक समन्वय समिति ने सौंपा मांग पत्र

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शिक्षक समन्वय समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह गांधी के नेतृत्व में शिक्षकों से संबंधित मांग पत्र मंगलवार को सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि अधिसूचना संख्या 2144 को बैठक कर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। साथ ही पुरानी पेंशन योजना बहाल करने की बात हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पेंशन योजना को में ही लागू करूंगा। अध्यक्ष श्याम किशोर सिंह गांधी ने मुख्यमंत्री मंत्री से सदर प्रखंड स्थित बनकाठी स्कूल शिक्षा मॉडल पर बनी फिल्म शिक्षा आपके द्वार देखने की इच्छा व्यक्त किया। फिल्म को पेन ड्राइव में देने को सीएम ने कहा। अन्त में शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त रखने भी आश्वासन दिया।सचिव काशी नाथ महतो, संयुक्त सचिव



शिवाकांत त्रिपाठी, सुभेन्दु सरकार, उपकोषाध्यक्ष टुनटुन कुमार संयुक्त सचिव रसिक बास्की, ऑगस्टिन हांसदा उपस्थित थे।

## रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर 68 वर्षीय महिला की मौत

**दुमका। झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जामा थाना क्षेत्र के दुमका देवघर मुख्य ट्रेन लाईन पर सिलान्दा गांव के 61/3 माइल स्टोन के पास अहले सुबह कोहरे की वजह से एक अधेड़ महिला की रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के नीचे आ जाने से कट कर मौके पर ही मौत हो गयी है। बताया जाता है कि महिला सुबह शौच के लिए निकली थी और ट्रैक पार कर रही है तभी कोहरे के वजह से महिला को आती ट्रेन नहीं दिखाई दी, जिससे ट्रेन के चपेट में आ गई।ट्रेन के चपेट में आने से घटना स्थल पर ही महिला की मौत हो गई। मृतक महिला थाना क्षेत्र के सिलांदा गाँव की रहने वाली है। मृतक महिला का नाम गंधारी देवी उम्र करीब 68 वर्ष है।महिला के पति का नाम मनोहर राणा है। घटना के बाद एसआई रविशंकर ने मौके पर पहुँच कर शव को कब्जे में लेकर अनुसंधान कर लाश को पोस्टमार्टम के लिए दुमका मेडिकल कॉलेज भेज दिया है।



## नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाले चार लोगों पर मामला दर्ज

**दुमका/झारखंड देखो/प्रतिनिधि।** जामा थाना क्षेत्र के माठाचक गांव निवासी मदनलाल शाह ने नौकरी के नाम पर ठगी करने का आरोप लगाते हुए 4 आरोपियों पर जामा थाना में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित मदन लाल शाह ने आरोपी मणिकांत ठाकुर पता गिलानपाड़ा दुमका, अंशु कुमार जयसवाल वर्तमान पता लकड़ा पहाड़ी एवं स्थाई पता पोद्दार डीह थाना निरसा जिला धनबाद, नितिन यादव गिलानपाड़ा दुमका एवं हर्षित यादव जिनका जिला का नाम गिरिडीह एवं थाना एवं गांव का नाम मालूम नहीं है पर ठगी करने का मामला दर्ज कराया है। घटना के बारे में बताया है कि घटना जामा थाना क्षेत्र के माठा चक गांव में 11 सितंबर 2018 को सात बजे हुई थी। साथ ही बताया कि आरोपी ने पीड़ित को मैथन पावर लिमिटेड कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 लाख रुपये की ठगी किया है। इसके बाद आरोपियों ने लॉकडाउन का बहाना बनाकर नौकरी का कागजात पीड़ित को नहीं दिया। उसके बाद नौकरी का फर्जी कागजात अप्रैल 2019 में दिया। नौकरी का कागजात मिलने पर पीड़ित मदनलाल साह धनबाद के मैथन पावर लिमिटेड कंपनी में योगदान के लिए गया जहां पर उन्हें यह कागजात फर्जी बताया गया। जिसके बाद पीड़ित मदनलाल साह ने मामला दर्ज कराया है।

## धनबाद स्टेशन इको स्मार्ट स्टेशन के रूप में विकसित होगा, मिला करड-14001:2015 प्रमाणन



**धनबाद।** पूर्व मध्य रेल ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों के अनुपालन में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की। इको स्मार्ट स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए पूर्व मध्य रेल के 52 चिन्हित स्टेशनों पर रेलवे बोर्ड से सुझाए गए 24 इंडिकेटर (पैरामीटर) लागू किए हैं। इस उपलब्धि में धनबाद को भी पर्यावरण प्रबंधन के लिए एक प्रमाणन आईएसओ-14001:2015 मिला है। पानी और ऊर्जा की बर्बादी का आकलन करने के लिए पूर्व मध्य रेल के सभी 52 नामित स्टेशनों पर जल एवं ऊर्जा लेखा परीक्षा की गई है। साथ ही प्रमुख स्टेशनों पर सफाई और स्वच्छता गतिविधियों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। धनबाद में बोतल क्रसिंग मशीन लग चुकी है। वाटर रिसाइकिलिंग प्लांट का सेट अप तैयार हो चुका है। कोलकाता की टीम जल्द उपकरण को इंस्टॉल करेगी। इसके साथ ही वाटर रिसाइकिलिंग शुरू हो जाएगा।
झारखंड-बिहार के 52 स्टेशनों को पर्यावरण प्रबंधन के लिए एक प्रमाणन आईएसओ-14001:2015 मिला है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की ओर से निर्धारित पूर्व मध्य रेल के 52 नामांकित स्टेशनों में से 45 का संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के लिए सहमति-से-स्थापित (सीटीई) प्रस्तावों की आनलाइन प्रस्तुतियां सुनिश्चित कीं। इन 45 स्टेशनों के लिए स्थापना की सहमति के लिए एनओसी प्राप्त कर ली गई है और 32 स्टेशनों को कंसेंट-टू-आपरेट (सीटीओ) दी गई है।

## जिले में बड़े पैमाने पर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का किया जा रहा है आयोजन

### पंचायत, प्रखण्ड और जिला स्तर पर आयोजित की जा रही है प्रतियोगिताएं

झारखंड देखो/प्रतिनिधि।



**गिरिडीह।** खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड, रांची के द्वारा प्राप्त निदेश के आलोक में गिरिडीह जिले में पंचायत स्तर, प्रखण्ड स्तर और जिला स्तर पर मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2021-22 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में संचालित की जा रही है। पंचायत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 01 दिसंबर से लेकर 04.12.2021 तक किया जा रहा है। प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 06.12.2021 से 10.12.2021 तक आयोजित की जायेगी तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता दिनांक 12.12.2021 से 15.12.2021 तक आयोजित की जायेगी। इसके अलावा जोनल स्तरीय 18 दिसंबर से 20 दिसंबर तक संचालित की जाएगी। तथा राज्य स्तरीय 23 दिसंबर से 24 दिसंबर 2021 तक संचालित की जाएगी। इस संबंध में प्रत्येक प्रखण्ड से एक विजेता टीम बालक एवं बालिका को पूरे खेल किट के साथ जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स-समय योग्यता प्रारूप, खिलाड़ियों की विवरणी पंचायत मुखिया/पंचायत सचिव/विद्यालय के प्रधानाध्यापक के द्वारा पात्रता प्रमाण-पत्र में अभिप्रमाणित कर जिला खेल पदाधिकारी के कार्यालय में उपलब्ध कराने का निर्देश सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

- **प्रखंड स्तरीय आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल ( बालक एवं बालिका ) प्रतियोगिता , 2021-22 के आयोजन से संबंधित दिशा निर्देश दिए गए।**

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल ( बालक एवं बालिका ) प्रतियोगिता , 2021-22 पंचायत स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित पंचायत सचिवालय के अन्तर्गत खेल मैदान की जाएगी, प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रखण्ड मुख्यालय के खेल मैदान में तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।
मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल ( बालक एवं बालिका ) प्रतियोगिता , 2021-22 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना आवशयक है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए।
वहीं पंचायत प्रखण्ड , जिला , जोनल एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताएँ नॉक आउट पद्धति पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता की अवधि प्रखण्ड से जिला स्तर पर 35-10-35 मिनट की होगी। निर्णय नहीं होने की स्थिति में 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा।रेफरी के अनुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। प्रतियोगिता आरम्भ करने के निर्धारित समय के 30 मिनट के अन्दर कोई टीम उपस्थित नहीं हो पाएगी तो उनके विपक्षी टीम को वॉक ओवर दे दिया जाएगा।
प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीमों में 16 खिलाड़ी , 1 कोच एवं 1 मैनेजर कुल 18 सदस्य ( प्रति वर्ग ) होंगे।जबकि पंचायत स्तर की चयनित टीम प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी प्रखण्ड स्तर की विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी , जिला स्तर की विजेता एवं उप विजेता टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी एवं जोनल स्तर की विजेता एवं उप विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।
9. प्रखण्ड स्तर के आयोजन में
खिलाड़ियों की संख्या 16, स्थानीय तकनीकी पदाधिकारियों की संख्या 4, प्रतियोगिता की अवधि 05 दिन, खिलाड़ियों हेतु रिफ्रेशमेंट अल्पाहार नींबू , ग्लूकोज , पानी इत्यादि। तकनीकी पदाधिकारी का मानदेय 200 / - प्रति पदाधिकारी प्रतिदिन। मैदान मरम्मति झ चूना , गोल पोस्ट , रस्सी इत्यादि। खेल उपकरण फुटबॉल , नेट , कॉर्नर फ्लैक्स , एवं विसिल इत्यादि। टेन्ट , साउण्ड सिस्टम टेबल , कुर्सी , मग बाल्टी इत्यादि। अन्यान्य खर्च रेफरी का मानदेय ( फ्लैक्स , बाल्टी , मग ग्लास इत्यादि।

- **जिला स्तरीय आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल ( बालक एवं बालिका ) प्रतियोगिता , 2021-22 के आयोजन से संबंधित दिशा-निर्देश दिया गया।**

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल ( बालक एवं बालिका ) प्रतियोगिता , 2021-22 पंचायत स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित पंचायत सचिवालय के अन्तर्गत खेल मैदान में की जाएगी। प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन प्रखण्ड मुख्यालय के खेल मैदान में तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।
मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल ( बालक एवं बालिका प्रतियोगिता , 2021-22 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को झारखण्ड राज्य का निवासी होना आवशयक है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की आयु सीमा 18 वर्ष से 40 वर्ष के बीच होना चाहिए। पंचायत, प्रखण्ड, जिला , जोनल एवं राज्य स्तर की प्रतियोगिताएँ नॉक आउट पद्धति पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता की अवधि प्रखण्ड से जिला स्तर पर 35-10-35 मिनट की होगी। निर्णय नहीं होने की स्थिति में 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। रेफरी के अनुसार समय में परिवर्तन किया जा सकता है। प्रतियोगिता आरम्भ करने के निर्धारित समय के 30 मिनट के अन्दर कोई टीम उपस्थित नहीं हो पाएगी तो उनके विपक्षी टीम को वॉक ओवर दे दिया जाएगा, जिला स्तर एवं इससे उपर की प्रतियोगित में भाग लेने वाले किट ( जर्सी पैंट,स्टड सीन गार्ड इत्यादि ) के साथ आना अनिवार्य होगा,
प्रतियोगिता में वर्णित नियमों के अलावा भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) के द्वारा मान्य नियम लागू होंगे,प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीमों में 16 खिलाड़ी , 1 कोच एवं 1 मैनेजर कुल 18 सदस्य ( प्रति वर्ग ) होंगे, पंचायत स्तर की चयनित टीम प्रखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी , प्रखण्ड स्तर की विजेता टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी एवं जिला स्तर की विजेता एवं उप विजेता टीम जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी एवं जोनल स्तर की विजेता एवं उप विजेता टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।
बताया गया कि जिला स्तरीय आयोजन में खिलाड़ियों की संख्या (16 + 2) = 18 सदस्यीय टीम प्रति प्रखण्ड,स्थानीय तकनीकी पदाधिकारियों की संख्या ( 8 तकनीकी पदाधिकारी प्रति जिला, प्रतियोगिता की अवधि 04 दिन,भोजन प्रति खिलाड़ी / स्थान तक पदाधिकारी 100 / - प्रतिदिन की दर से,आवासन ( गद्दा , तोसक तकीया , बेड शीट , टेबल , कुर्सी , मग , बाल्टी इत्यादि ) ( एक दिन पूर्व से ) 60 / - प्रति व्यक्ति की दर से, तकनीकी पदाधिकारी का मानदेय 500 / - प्रति पदाधिकारी प्रतिदिन। खिलाड़ी पदाधिकारी का यात्रा भत्ता 200 / - अनुमान्य।
8. मोमेंटो , ट्रॉफी इत्यादि पर खर्च फुटबॉल , नेट , चूना , गोल पोस्ट , रस्सी , फ्लैक्स इत्यादि। टेन्ट , साउण्ड सिस्टम टेबल, कुर्सी , मग बाल्टी इत्यादि। अन्यान्य खर्च रेफरी का मानदेय,फ्लैक्स , बाल्टी, मग ग्लास इत्यादि।

## संपादकीय

# और अब हेल्थ आईडी

**आयुष्मान** भारत योजना की तीसरी वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के रूप में एक और महत्वाकांक्षी पहल की। इस योजना के जरिए पूरे देश के अस्पतालों के डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशंस को एक-दूसरे से जोड़े जाने का इरादा है। हर व्यक्ति का एक डिजिटल हेल्थ आईडी होगा, जिसके माध्यम से उसका हेल्थ रेकॉर्ड डिजिटली सुरक्षित रखा जाएगा। मोबाइल ऐप के सहारे कभी भी डिजिटल हेल्थ रेकॉर्ड तक पहुंचना संभव होगा। इसका मतलब यह हुआ कि हर व्यक्ति के लिए अपने स्वास्थ्य से संबंधित रेकॉर्ड को सुरक्षित रखने और डॉक्टर के पास जाने से पहले तमाम रिपोर्ट्स की कॉपी करवाकर साथ ले जाने की जरूरत नहीं रह जाएगी। इस समय सोच कर भले यह कुछ अनोखी सी बात लग रही हो, लेकिन तकनीक ने बिल पेमेंट और कैश ट्रांसफर जैसे कार्यों को आसान बनाकर हमारी जिंदगी में जिस तरह का गुणात्मक बदलाव किया है, हेल्थ के क्षेत्र में कुछ ऐसा ही युगांतरकारी बदलाव इस नई मुहिम से भी आ सकता है। हालांकि हर नई योजना अपने साथ कई तरह के सवाल और चुनौतियां लेकर आती है। इस योजना में डेटा प्राइवेसी और डेटा सुरक्षित रखने जैसे सवाल हैं। मगर एक अच्छी बात यह है कि आयुष्मान भारत योजना का तीन साल का अनुभव लोगों को इस बात के लिए प्रेरित करेगा कि सवाल उठाने और आशंकाएं व्यक्त करने से पहले यह देखा जाए कि इसे जमीन पर उतारने की प्रक्रिया किस तरह से आगे बढ़ती है और उसके नतीजे किस रूप में सामने आते हैं। याद किया जा सकता है कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत में भी तरह-तरह के सवाल खड़े किए गए थे। इन्हीं सवालों के प्रभाव में कई राज्य सरकारों ने उसे अपनाने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उनके यहां पहले से ही दूसरी स्वास्थ्य योजनाएं चल रही हैं, जिनसे लोग लाभान्वित हो रहे हैं। बाद में तमिलनाडु और महाराष्ट्र जैसे कई राज्यों ने अपनी पहले से जारी योजनाओं को बरकरार रखते हुए भी आयुष्मान भारत योजना को अपनाने का फैसला किया, जो निश्चित रूप से इसकी कामयाबी का ठोस सबूत है। हालांकि इसका यह मतलब नहीं कि इस योजना में कोई कमी नहीं है। जानकारों के पास उन छोटे-छोटे उपायों की लंबी सूची है, जिन्हें अपनाकर आयुष्मान भारत योजना को व्यवहार में ज्यादा उपयोगी बनाया जा सकता है। मगर सबसे बड़ी बात यह कि चाहे आयुष्मान भारत योजना हो या आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, यह मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे में उपलब्ध संसाधनों तक अधिक से अधिक लोगों की पहुंच को आसान बनाने की कोशिश है। यह बहुत जरूरी है, लेकिन इसके साथ ही संसाधनों की कमी दूर करने यानी डॉक्टरों, नर्सों और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की संख्या बढ़ाने और चिकित्सा उपकरणों और दवाओं की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने पर ध्यान देना भी जरूरी है। उसके बगैर एक सीमा के बाद इन पहलों के निरर्थक होने का खतरा बनने लगता है।



याद किया जा सकता है कि आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत में भी तरह-तरह के सवाल खड़े किए गए थे। इन्हीं सवालों के प्रभाव में कई राज्य सरकारों ने उसे अपनाने से यह कहते हुए इनकार कर दिया था कि उनके यहां पहले से ही दूसरी स्वास्थ्य योजनाएं चल रही हैं, जिनसे लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

## कुछ अलग

# मार्केट ने बढ़ाई निवेशकों की उलझन

**इस** समय भारत ही नहीं, कई देशों के शेयर बाजार बुलंदियों पर हैं। हर दिन नया रेकॉर्ड। सिर्फ एक साल में ही बंबई शेयर बाजार का सूचकांक यानी सेंसेक्स 13 हजार से भी ज्यादा अंक बढ़कर 60,000 की रेकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। छह साल पहले यह 30,000 पर था। जिन निवेशकों ने एक साल या उससे पहले पैसे लगाए थे, उनमें से ज्यादातर इस समय मालामाल हो चुके हैं। एक्सपर्ट्स दबी जुबान में ऐसी तेजी की बातें तो कह रहे थे, लेकिन उनमें से कोई भी आश्वस्त नहीं था कि बाजार यहां तक पहुंचेगा। आज हालत यह है कि कई कंपनियों के शेयर दोगुने से भी ज्यादा बढ़ चुके हैं। इस बाजार ने सभी को कुछ न कुछ दिया जरूर है। भले ही अभी कुछ दिनों से मिड कैप के शेयर सुस्त पड़े हैं, लेकिन किसी समय निवेशकों ने उनमें भी चांदी काटी है। यानी माहौल कमाई का है और शेयर बाजार में बड़े-छोटे, देशी-विदेशी निवेशक लगातार आ रहे हैं। पैसे का प्रवाह जिसे लिक्विडिटी कहते हैं, बढ़ता ही जा रहा है। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि सारी दुनिया में ब्याज दरें सबसे कम स्तर पर हैं। अमेरिका-यूरोप में तो ब्याज दरें शून्य या माइनस में ही हैं। विदेशी निवेशकों यानी एफआईआई के लिए यह एक बढ़िया मौका रहा है। उन्होंने बड़े पैमाने पर निवेश किया है और करते ही जा रहे हैं। लगातार तीसरे साल में भी विदेशी निवेशकों ने 9 अरब डॉलर निवेश कर दिया है। वह यहां से कमा भी रहे हैं और लगा भी रहे हैं। उनके पास डॉलर की कोई कमी नहीं है और वे दुनिया भर के उभरते बाजारों पर नजरें गड़ाए हुए हैं। निवेश का कोई मौका वे जाने नहीं दे रहे। विदेशी एक्सपर्ट भारतीय शेयर बाजार को अभी महत्व दे रहे हैं। यह बात अलग है कि वे अचानक कब गायब हो जाएं, उसका पता नहीं। लेकिन अभी इसके आसार नहीं दिख रहे। अभी तो तेजी की गंगा बह रही है। भारत में भी ब्याज दरें काफी कम हो गई हैं। बैंक तो तीन-साढ़े तीन परसेंट तक ही ब्याज दे रहे हैं। स्मॉल सेविंग्स की तमाम योजनाओं में अब काफी कम रिटर्न मिलने लगा है। रियल एस्टेट मंदी और ओवर सप्लाई के दौर से गुजर रहा है। सोने में भारी तेजी आई थी, हालांकि अब इसकी चमक थोड़ी धीमी पड़ी है। असल में कोरोना महामारी के कारण लोग घरों में बंद हो गए और उनके पास अतिरिक्त आय का कोई जरिया नहीं रहा। ऐसे में शेयर बाजार उनके काम आया। इसका नतीजा हुआ कि इसमें देसी निवेशकों की बाढ़ आ गई।



भले ही अभी कुछ दिनों से मिड कैप के शेयर सुस्त पड़े हैं, लेकिन किसी समय निवेशकों ने उनमें भी चांदी काटी है। यानी माहौल कमाई का है और शेयर बाजार में बड़े-छोटे, देशी-विदेशी निवेशक लगातार आ रहे हैं।

## विचार

संगीता की अभिनव परियोजना आई आई एम द्वारा अपनी साइट पर लगाई गई

# बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताय

रश्मि दाधीच

**यह** सचमुच अकल्पनीय लगता है कि लगातार पांच वर्ष तक देश की इंटरनेशनल जूनियर फुटबाल टीम को अहमदाबाद के एक सरकारी स्कूल ने चार प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिए हैं। जिनमें से अरूणा चौहान को 2019 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी घोषित किया गया। वहीं 2012, 2016 और 2019 के गुजरात सरकार द्वारा लगाए गए गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी में इसी विद्यालय के बच्चों ने राज्य स्तर पर अपना लोहा मनवाया। ख्याति प्राप्त प्राईवेट स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए थलतेज प्राथमिक शाला नम्बर एक के विद्यार्थियों ने अहमदाबाद में विज्ञान से लेकर खेल के क्षेत्र मे तहलका मचा रखा है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास भरने वाला, कदम-कदम पर मार्गदर्शन करने वाला कोई और नहीं इसी स्कूल में 2006 से कार्यरत, राज्य सरकार से श्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान प्राप्त कर चुके संघ के स्वयंसेवक श्री महेश भाई ठक्कर हैं। आरम्भ से ही संघ की पद्धति से ही शिक्षा, संस्कार व राष्ट्रवाद का बीजारोपण अपने विद्यार्थियों में कर, एक सफल इंसान व राष्ट्रभक्त नागरिक बनाने को प्रेरित करते, महेश भाई के कार्य काल में मिट्टी के फ्रिज का बेहतरीन माडल बनाकर ऊर्जा उत्सव 2003 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी से सम्मानित होकर बोपल सरकारी स्कूल के बच्चों ने इतिहास रच दिया था। एक शिक्षक होने के नाते ज्ञान के महत्व को समझते हुए, 6 से 14 साल के बच्चों के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा सरकारी नियम के तहत अनेक मजदूरों व झुग्गी बस्तियों के बच्चों को शाला जाने के लिए प्रेरित तो किया ही, साथ ही बच्चों के अविभावकों को व्यसन मुक्त जीवन जीने के लिए नियमित काउंसलिंग भी की। सन् दो हजार में पाटन जिले के दातरवाडा गांव में शिक्षक रहते हुए नशा मुक्त जागरण अभियान के तहत पूरे दातरवाडा गांव को व्यसन मुक्त करने में उन्होंने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ईश्वर ने हर बच्चे में अद्भुत विशेषता और योग्यता दी है, जरूरत है तो एक उत्तम शिक्षक की जो उस प्रतिभा को पहचान कर उसे उसकी बुलंदियों तक पहुंचाएं। छठी कक्षा में आई संगीता प्रजापति का एडमिशन मानसिक कमजोरी के कारण किसी भी स्कूल में नहीं हो रहा था। सरकारी नियमानुसार महेश भाई ने प्रिंसिपल से बात करके संगीता को अपनी देखरेख में रखा, चित्रकला में उसकी रुचि को पहचान कर उसे प्रोत्साहित किया। आठवीं कक्षा पास करते-करते संगीता पूर्णतय: सामान्य हो चुकी थी। संगीता की अभिनव परियोजना आई आई एम द्वारा अपनी साइट पर लगाई गई है। 10वी पास संगीता ड्राइंग टीचर बनने का सपना देख रही है। अहमदाबाद के सभी प्रतियोगिताओं में स्कूल के बच्चों की प्रतिभा का परचम हर क्षेत्र में कैसे लहराए? इसी चिंतन और उद्देश्य के साथ, महेश भाई ने अपनी स्कूल के कक्षा 5 से 8 तक के सभी बच्चों के लिए, 2012 में गांव के इसी सरकारी स्कूल से पढकर वैज्ञानिक बने श्री कनक भाई पटेल के सहयोग से कमला बा नि:शुल्क पाठदान केंद्र का प्रारंभ किया। सेवा बस्ती में राशन वितरण करने आई प्रयास क्लब की चार महिलाओं ने महेश भाई से प्रभावित होकर यहां नि:शुल्क समय देने का निर्णय लिया। आज इसी केंद्र में विज्ञान, गणित, हिंदी, इंग्लिश, कंप्यूटर और चित्रकला जैसे सभी विषयों को प्रयास क्लब की 43 महिलाएं, ना केवल नि:शुल्क पढ़ाती है बल्कि, अपने बच्चों की तरह उनकी हर जरूरत का भी ध्यान रखती है। पूरे वर्ष बिना किसी अवकाश के चलता, यह ट्यूशन केंद्र पूरी तरह नि:शुल्क और बच्चों के विकास के लिए समर्पित है। सैध्दांतिक के साथ प्रायोगिक जानकारी लेने के लिए इन सभी बच्चों को सुंदरवन, इसरो, साइंस सिटी, सेरीनिटी बॉटनिकल गार्डन आदि विभिन्न स्थानों पर साल में कई बार नि:शुल्क भ्रमण पर ले जाया जाता है। महेश भाई कहते हैं ङ्क जैसे एक मोची की नजर हमेशा जूते पर रहती है, ठीक वैसे ही एक शिक्षक की नजर भी अपने बच्चों की प्रतिभा पर रहनी चाहिए। वर्ष 2011 से लगातार साइंस प्रोजेक्ट को मापदंड बनाकर प्रति वर्ष 15-16 विद्यार्थी चुने जाते हैं। जो सप्ताह में 1 दिन अपनी झोपड़ियों से निकलकर, संपन्न परिवारों के बच्चों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर पूरे सम्मान से विक्रम साराभाई साइंस सेंटर की लैब में विभिन्न प्रयोग करते हैं। प्रत्येक विद्यार्थी अपनी कक्षा के करीब 40 बच्चों का टीचर बनकर अपना ज्ञान साझा करता है। साइंस सेंटर से जुड़े बच्चों के सभी खर्च साइंटिस्ट एवं एनजीओ उठाते हैं। शिक्षा सरकार पर ही नहीं समाज पर भी आधारित हो महेश भाई की इस सोच को 27 एनजीओ का सहयोग मिला। इन बच्चों की सभी जरूरतें इन्हीं के माध्यम से पूरी हो रही है। कक्षा 8 उतीर्ण 2016 में अंतरास्ट्रीय स्तर पर धूम मचा चुकी लड़कियों की जूनियर टीम आज विश्व भारती शाला थलतेज की शान हैं। स्वीडन की एक कंपनी स्यस्न के सहयोग से आज इन बच्चों के हौंसले आसमान को छू रहे हैं, तो वहीं साइंस, कंप्यूटर एवं योग कक्षा में ज्ञान अर्जित करते, राज्य स्तर पर हिंदी और ड्राइंग की प्रतियोगिताओं में भाग लेते बच्चे हर क्षेत्र में अपना लोहा मनवा रहे हैं। निर्धनता बच्चों की पढाई जारी रखने में बाधा न बन जाए इसलिए कक्षा 8 उतीर्ण प्रत्येक बच्चे को ट्रैक कर जीरो ड्रॉपआउट का टारगेट पूरा किया। बच्चे व अविभावक निरंतर महेश भाई के संपर्क में रहते हैं। कोविड के कारण कक्षा 10 और 12 की परीक्षाएं देने के बाद बच्चों के सामने बहुत बड़ा संकट था, कि वह किस दिशा में जाए? अपनी रुचि के क्षेत्रों में जाने के लिए इतने पैसे कहां से लाएं ? वो अध्यापक, प्रशासनिक अधिकारी, अभियंता बनना चाहते थे। गत जून इन बच्चों को एकत्रित कर मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता के सहयोग से बौद्धिक लब्धि और शैक्षिक लब्धि जाँच की गई। कई चरणों की मीटिंग से गुजर कर, ना केवल उनका मार्गदर्शन किया अपितु 16 लड़कियों को आगे की प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी और प्रवेश के पश्चात उनकी फीस का सहयोग भी दिया गया। एक शिक्षक का वेतन ज्यादा नहीं होता पर यदि उसकी सोच, उसके प्रयास और उसका दृष्टिकोण पूर्णतया देश के भविष्य अर्थात बच्चों के साथ जुड़ जाए तो समाज ही नहीं संपूर्ण देश की तस्वीर बदल सकती है। यह सिद्ध किया है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक महेश भाई ने।



अरूणा चौहान को 2019 में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी घोषित किया गया। वहीं 2012, 2016 और 2019 के गुजरात सरकार द्वारा लगाए गए गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी में इसी विद्यालय के बच्चों ने राज्य स्तर पर अपना लोहा मनवाया। ख्याति प्राप्त प्राईवेट स्कूलों को पीछे छोड़ते हुए थलतेज प्राथमिक शाला नम्बर एक के विद्यार्थियों ने अहमदाबाद में विज्ञान से लेकर खेल के क्षेत्र मे तहलका मचा रखा है। यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों में आत्मविश्वास भरने वाला, कदम-कदम पर मार्गदर्शन करने वाला कोई और नहीं इसी स्कूल में 2006 से कार्यरत, राज्य सरकार से श्रेष्ठ शिक्षक का सम्मान प्राप्त कर चुके संघ के स्वयंसेवक श्री महेश भाई ठक्कर हैं।

## ब्लॉग | जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस ने भी एशियाई एकजुटता का समर्थन किया

# विश्व क्वाड, ऑकस के भंवर में अशांत एशिया

**गुरुदेव** रवींद्रनाथ टैगौर अगर आज जीवित होते, तो बहुत दुखी होते। एक कवि-दार्शनिक, जिन्होंने एशियाई एकता की अथक वकालत की, एशिया में फूट और संघर्ष तथा पश्चिमी शक्तियों द्वारा महाद्वीप को प्रतिद्वंद्विता में फंसाने के मौजूदा प्रयासों को देखकर पूरी तरह व्यथित हो गए होते। उन्होंने जितने एशियाई देशों का दौरा किया, उतना उनके समय के किसी अन्य नेता ने नहीं किया। जब 1921 में उन्होंने विश्व भारती की स्थापना की, तो उनका मुख्य लक्ष्य भारत और अन्य एशियाई देशों को जोड़ने वाले सदियों पुराने सभ्यता, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक बंधनों को पुनर्जीवित करना था। वह अकेले भारतीय नहीं थे, जिनके पास यह दृष्टि थी। महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू और सुभाष चंद्र बोस ने भी एशियाई एकजुटता का समर्थन किया। गुरुदेव के सपनों का एशियाई मस्तिष्क आज खंडित है। जो देश कभी उपनिवेशवाद के शिकार थे, वे अलग हो गए हैं। दुनिया की 60 फीसदी आबादी का घर एशिया तेजी से अशांत होता जा रहा है और पश्चिमी शक्तियां प्रतिस्पर्धी समूह बनाने और संघर्ष की आग भड़काने की कोशिश कर रही हैं। दुखद है कि एशिया में आंतरिक झगड़े शांति को नुकसान पहुंचा रहे हैं और अपने लोगों की भलाई के उद्देश्य वाले पारस्परिक लाभकारी सहयोग के अवसरों को बंद कर रहे हैं। पश्चिम एशिया ने हाल के दिनों में कई युद्ध देखे हैं- ईरान-इराक युद्ध, इराक पर अमेरिका का हमला, सीरिया एवं यमन में चल रहे युद्ध। दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान को चार दशकों के बाहरी युद्धों और आंतरिक संघर्षों का सामना करना पड़ा। अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद भी अफगानिस्तान को स्थिरता और राष्ट्रीय पुनर्निर्माण हासिल करने में मदद करने के लिए भारत और अन्य क्षेत्रीय पड़ोसियों द्वारा कोई सहयोगात्मक प्रयास नहीं किया गया है। ऐसा मुख्य रूप से तालिबान की धार्मिक कट्टरता और भारत-पाकिस्तान की शत्रुता के कारण है। आजादी मिलने के 75 साल बाद भी भारत और पाकिस्तान अच्छे-पड़ोसी का संबंध स्थापित करने के लिए तैयार नहीं हैं। हमारी निरंतर शत्रुता के कारण दक्षेस (दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ), जिसका सदस्य अफगानिस्तान भी है, पूरी तरह से निष्क्रिय हो गया है। अफसोस की बात है कि भारत ने काबुल में शांति और समावेशी सरकार को बढ़ावा देने के लिए चीन, रूस, ईरान और पाकिस्तान से संबद्ध एक क्षेत्रीय सहयोगी प्रयास से खुद को अलग करने का फैसला किया है, जबकि इस मुद्दे पर इन पांच देशों के बीच कोई मतभेद नहीं है कि तालिबान शासन को आतंकवादी संगठनों को अभयारण्य मुहैया नहीं करना चाहिए। इस मंच से जुड़ने के बजाय भारत अपनी अफगान नीति को अमेरिका के साथ जोड़ रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अमेरिका अफगानिस्तान में %आतंकवाद-विरोधी हवाई अभियानों% को अंजाम देने के लिए %उत्तर-पश्चिम भारत% में किसी स्थान पर कथित तौर पर सैन्य अड्डे बनाने का प्रयास कर रहा है। इसके लिए सहमत होना भारत और इस क्षेत्र के देशों के लिए विनाशकारी होगा। भारत इस बात पर ठीक ही जोर देता रहा है कि तालिबान को भारत के खिलाफ अफगानी जमीन का इस्तेमाल नहीं करने देना चाहिए। तो फिर, हम अपनी धरती से अमेरिका के अफगान-विरोधी अभियानों की अनुमति कैसे दे सकते हैं? भारत और चीन, दो महान पड़ोसी एशियाई सभ्यताएं संघर्षों में उलझी हुई हैं। अगर इसे नियंत्रित नहीं किया गया, तो इन दोनों देशों के साथ-साथ महाद्वीप और दुनिया भर के लिए यह विनाशकारी होगा। भारत-चीन प्रतिद्वंद्विता के साथ-साथ दक्षिण चीन सागर में अपने पड़ोसियों के साथ समुद्री विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से हल करने में चीन की विफलता ने अमेरिका को फायदा उठाने का मौका दिया है।



क्वाड हो या ऑकस, भारतीयों और अन्य एशियाई लोगों को इसकी चिंता होनी चाहिए कि कैसे हमारे समुद्र और महासागर युद्धपोतों और पनडुब्बियों के लिए तेजी से खेल का मैदान बन जाएंगे। क्वाड एशिया को एक नए शीतयुद्ध और महंगे हथियारों की प्रतिस्पर्धा का केंद्र बना सकता है।

## देश दुनीया से

# लोकतंत्र को कमजोर करते चुनावी वादे

**इन** दिनों राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव के दरम्यान तमाम योजनाओं के लुभावने वादों पर बहस तेज है। कुछ वर्षों से राजनीतिक दल मतदाताओं के खाते में धन जमा कराने का वादा करने लगे हैं। इससे पहले लंबे समय तक रुपये और शराब बांटने का सिलसिला चलता रहा है। चूंकि अब पुलिस और आबकारी विभागों की सख्ती तथा आयकर विभाग की निगरानी के चलते नोट फॉर वोट देना आसान नहीं रहा है। पकड़े जाने पर खुद की, और पार्टी की बदनामी से पराजय का खतरा भी रहता है। ऐसे में सियासी पार्टियां सत्ता में आने पर घूस का लालच देने से नहीं चूकतीं। घूस का यह सिलसिला दक्षिण भारतीय राज्यों में तो दशकों से चल रहा है। कहीं खुलेआम साड़ियां बांटी जाती थीं, तो कहीं मोबाइल फोन बंटते थे। कुछ उदाहरण ऐसे भी थे, जब उम्मीदवार मतदाताओं को दुपहिया वाहन देता था। पार्टियों के घोषणा पत्रों में भी लैपटॉप से लेकर साइकिल तक देने का वादा किया जाता है। जो दल चुनाव जीतने के बाद अस्पताल में दवाएं और डॉक्टर नहीं देता, स्कूलों में अच्छी पढ़ाई और शिक्षक नहीं देता, सड़क, पानी, बुनियादी सुविधाएं नहीं देता, वह स्पेशल ट्रेन चलाकर बूढ़ों को तीर्थ कराता है, लैपटॉप बांटता है, जूते बांटता है, बंदूकों के लाइसेंस बांटता है, लड़कियों की शादी में कन्यादान-किट देता है। हमारी चुनाव प्रणाली को कोई एतराज नहीं होता। मतदाता के तौर पर राजनीतिक दलों की गलतियों को हम भूल जाते हैं। हम जैसे-जैसे साक्षर और आधुनिक होते जा रहे हैं, दिमागी तौर पर और सिकुड़ते जा रहे हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल ही में कहा है कि नागरिकों के अधिकार पहनने के आभूषण नहीं हैं। लोगों को इनका उपयोग करना चाहिए। अदालत ने नकद राशि मतदाताओं के खातों में डालने के एलानों पर चुनाव आयोग और केंद्र सरकार से कैफियत मांगी है। न्यायालय ने एक याचिका पर यह स्पष्टीकरण तलब किया है, जिसमें कहा गया है कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 123 के तहत यह भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। भारतीय संविधान भी श्रम और उत्पादकता तय किए बिना नकद बांटने की मंशा का समर्थन नहीं करता। यदि सारी पार्टियों ने ऐसा करना शुरू कर दिया, तो यह आलसियों का देश बन जाएगा और बिना मेहनत पेट भरने का आदी हो जाएगा। (वैसे काफी हद तक हम भारतीय ऐसे ही हैं) याचिका दाखिल करने वालों का कहना था कि 2019 के चुनाव में एक राष्ट्रीय और एक प्रादेशिक पार्टी ने अपने घोषणापत्रों में न्याय योजना के तहत 72,000 रुपये हर साल मतदाता को देने का वादा किया था। इसकी विस्तृत व्याख्या की जाए, तो यह माना जाना चाहिए कि किसी घर में माता-पिता और नौजवान बेटा-बेटी है, तो करीब-करीब तीन लाख रुपये हर साल उन्हें घर बैठे मिलेंगे। एक मध्यमवर्गीय परिवार 25 हजार रुपये में अपना गुज़ारा आराम से कर लेता है। करोड़ों परिवार तो इतना भी नहीं कमाते। इस तरह का पैसा उन्हें नाकारा बना देता है। राष्ट्रीय चरित्र निर्माण के लिए भी यह अत्यंत घातक है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस संबंध में निर्वाचन आयोग को भी आड़े हाथों लिया है। उसने कहा कि आयोग केवल नोटिस और आदेश जारी न करे। उसे कार्रवाई करने का पूरा अधिकार है और उसे यही करना भी चाहिए। लेकिन क्या सिर्फ न्यायालय इस चुनावी भ्रष्टाचार को रोक सकता है? दशकों से चुनाव के दौरान सीमा से अधिक खर्च होता है। उम्मीदवारों ने पैसे बहाने के नए चोर दरवाजे खोज लिए हैं। सब जानते हैं, लेकिन सिलसिला नहीं रुक रहा है। जिस मुद्दे पर उच्च न्यायालय का द्वार खटखटाया गया है, वह दरअसल चुनाव आयोग का काम है।

चुनाव आयोग के अपनी नैतिक और विधायी शक्ति का इस्तेमाल करने में कंजूसी करने से राजनीति को विकृत करने वाले तत्वों के हौसले बढ़े।

## बोधि वृक्ष

# परमपिता से एकाकार हो जाना ही मोक्ष

**परमात्मा** इस सृष्टि का केंद्र हैं और सारे प्राणी उनके चारों ओर परिक्रमा करते हैं। उसी तरह, जैसे किसी परमाणु के इलेक्ट्रॉन उसके न्यूक्लियस का चक्कर लगाते हैं। जिस दिन परमपिता की कृपा हो जाती है, उस दिन केंद्र और परिधि की दूरी मिट जाती है। प्राणी मोक्ष को प्राप्त हो जाता है। भी एक ही सर्वोच्च पूर्वज (परमपिता) की संतान हैं। उन्होंने इस ब्रह्मांड की रचना की और उन्होंने इस भौतिक संसार को, साथ ही साथ अपने जीवित बच्चों को भी बनाया। अब जब उन्होंने भौतिक दुनिया, निर्जीव दुनिया, पौधों और मनुष्यों का निर्माण किया, तो सामान्य ज्ञान कहता है कि जाति, पंथ, धर्म, राष्ट्रीयता, शिक्षा के स्तर या ज्ञान के स्तर के बावजूद पूरी दुनिया उनके बच्चों की है। जो शारीरिक, मानसिक या आध्यात्मिक शक्ति का मानक है। यह निहित स्वार्थ हैं, जो उनके मतलब और आधार उद्देश्यों के साथ-साथ जीवित प्राणियों के बीच, विशेष रूप से मनुष्यों के बीच असमानता पैदा करते हैं। जो लोग दूसरों का शोषण करते हैं और दूसरों को उनके वैध व पैतृक अधिकारों से वंचित करके इस दुनिया का आनंद लेना चाहते हैं, वे समाज के दुश्मन हैं। वे मानवता के दुश्मन हैं और सुसंस्कृत और सभ्य दुनिया के दुश्मन हैं। परमपिता के बनाए हुए प्राणी, उनके प्यारे बेटे और बेटियां, उनके बच्चे, उनके चारों ओर घूम रहे हैं। वे खुद को परमपिता से अलग नहीं कर सकते, क्योंकि वह सर्वोच्च केंद्र हैं और अन्य सभी नाभिक के चारों ओर घूमने वाले इलेक्ट्रॉनों की तरह हैं। तो पुरुषोत्तम, परम पुरुष, सर्वोच्च पिता, सर्वोच्च पूर्वज केंद्र में हैं और अन्य लोग उनके चारों ओर घूम रहे हैं और नृत्य कर रहे हैं। वे अपनी विभिन्न मानसिक और शारीरिक शक्तियों के साथ आगे बढ़ते हैं।

## पाठक पत्र

### आदमखोर से निजात कब?

पिछले दिनों शिमला जिला के कनलोग क्षेत्र में घात लगाए बैठे चीते ने पांच वर्षीय प्रियंका नाम की लड़की को मार दिया। यह अत्यंत दुखद घटना है। कुछ तो लोग कोरोना से आतंकित है, ऊपर से हिंसक पशु इतने दुस्साहसी हो गए हैं कि घरों से उठाकर बच्चों को ले जाते हैं। इस परिवार के लिए यह सचमुच ही दुखद घटना है। एक-दो दिन चर्चा के बाद फिर स्थिति पूर्ववत हो जाएगी। कुछ मुआवजे की बात होगी और फिर वही ढाक के तीन पात। जो जानें चली गईं, वे हरगिज लौटकर नहीं आ सकती। अब सवाल यह है कि हिंसक पशुओं का संरक्षण क्या मानव से भी अधिक मूल्यवान और जरूरी है। सरकार को कोई ऐसी नीति बनानी चाहिए ताकि लोगों को हिंसक पशुओं से राहत मिल सके। पर्यावरण भी तभी सुरक्षित रहेगा, जब मानव सुरक्षित व खुशहाल रहेगा।

**-किशन सिंह गतवाल, सतौन, सिरमौर**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार द्वारा मजिस्ट्रेट कॉलोनी बंदरजोरी, दुमका से संचालित, संपादक - डॉ. सिकंदर कुमार (फोन नं. 9955599136) RNI Title Ref no-1370296, RNI Print Code No -2019096529